हरिभूमि
# रायपुर भूमि



- रायपुर से प्रयागराज जाने वाली फ्लाइट का किराया 17 हजार पार
- रायपुर-अंबिकापुर और बिलासपुर फ्लाइट के चुकाने होंगे 6 हजार

## कुंभ का किराया चार गुना, इधर... अंबिकापुर फ्लाइट ने भी दिया झटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

फ्लाइट की बढ़ती कीमतें लोगों को झटका दे रही हैं। अगले वर्ष आयोजित होने वाले कुंभ मेले के पहले ही प्रयागराज जाने वाले विमानों का किराया कई गुना तक बढ़ चुका है। सामान्य दिनों में जहां रायपुर से प्रयागराज जाने के लिए 5 से 6 हजार ही देने पड़ते थे, वहीं अब 17 से 18 हजार रुपए का भुगतान करना पड़ेगा। यह स्थिति कुंभ प्रारंभ होने के पखवाड़े भर पहले है। अंतिम तिथियों में किराए में और अधिक वृद्धि होने का अनुमान है। किराए वृद्धि के इस ट्रेंड में भी खास बात यह है कि सप्ताहांत अर्थात शनिवार और रविवार को किराए में अधिक वृद्धि हुई है। 9 जनवरी ▶▶|शेष पेज 11 पर



### 999 रुपए रखा जाना था किराया

सप्ताह में तीन दिन उड़ान भरने वाली रायपुर-अंबिकापुर और बिलासपुर की फ्लाइट का किराया 999 रुपए रखने की बात शुरुआत में कही गई थी। लेकिन अब टिकट 1999 से 5999 रुपए तक कर दी गई है। वर्तमान में गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार को इसका संचालन हो रहा है। ये फ्लाइट रायपुर-अंबिकापुर, अंबिकापुर-बिलासपुर, बिलासपुर-अंबिकापुर और अंबिकापुर-रायपुर ▶▶|शेष पेज 11 पर

### अंबिकापुर-बिलासपुर में यात्री नहीं

अंबिकापुर-बिलासपुर और बिलासपुर-अंबिकापुर के लिए अधिक यात्री कंपनी को नहीं मिल रहे हैं। इस रूट का किराया भी बेस प्राइज की जगह 1999 रुपए तक है। अधिक किराए के चलते भी इस मार्ग में यात्री नहीं मिल पा रहे हैं। इसके अलावा रायपुर-अंबिकापुर और बिलासपुर रूट की फ्लाइट नियमित समय पर नहीं होने के कारण भी यात्री ट्रेन, बस अथवा अन्य सुविधाओं की मदद ▶▶|शेष पेज 11 पर

---

उत्तर छत्तीसगढ़ रहेगा वर्षा का मुख्य क्षेत्र

## 48 घंटों तक बदली-बारिश फिर तेवर दिखाएगी ठंड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गुरुवार को आसमान में अधिकतर समय बादल छाए रहने के बाद आने वाले दो दिनों में भी इसी तरह के हालात रहने की संभावना मौसम विभाग द्वारा जताई गई है।

- पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से हवा की दिशा में परिवर्तन

दो दिनों के बाद पूरे प्रदेश में न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री तक की गिरावट आएगी। इसके साथ ही ठंड का दौर फिर लौटेगा। नए साल की शुरुआत ठिठुरन से होगी। ये स्थितियां पश्चिमी विक्षोभ के कारण बन रही हैं। एक पश्चिमी विक्षोभ 60 डिग्री पूर्व और 30 डिग्री उत्तर में स्थित है। इसके प्रभाव से प्रदेश में हवा की दिशा में परिवर्तन हो गया है, जिसके कारण बंगाल की खाड़ी से प्रचुर मात्रा में नमी आ रही है। इस नमी के प्रभाव ▶▶|शेष पेज 11 पर

### न्यूनतम तापमान सामान्य से 5 डिग्री अधिक

*राजधानी रायपुर में गुरुवार सुबह से बादल छाए रहे। यहां बारिश या बूंदाबांदी की भी स्थिति निर्मित नहीं हुई, लेकिन इसका प्रभाव तापमान पर पड़ा। न्यूनतम तापमान सामान्य से 4.6 डिग्री अधिक 17.6 डिग्री पर पहुंच गया है। जबकि अधिकतम तापमान सामान्य से 0.4 डिग्री अधिक 8.4 डिग्री दर्ज किया गया, जो लगभग सामान्य है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात की आशंका जताई है। इसके पूर्व गुरुवार को भरपुरी, कुटरू और तोकापाल में 2 सेमी बारिश दर्ज की गई। बस्तर, लोहंडीगुड़ा व बकावंड में एक सेमी तथा कुछ अन्य स्थानों पर इससे कम बारिश हुई। गुरुवार को सर्वाधिक तापमान 30.4 डिग्री दंतेवाड़ा में तथा सबसे कम तापमान 11.6 डिग्री बलरामपुर में दर्ज किया गया।*

---

सरोना और कुम्हारी के मध्य होगा ऑटोमेटिक सिग्नलिंग और अन्य अपग्रेडेशन कार्य

## तीन दिन थमे रहेंगे 21 पैसेंजर ट्रेनों के पहिए, रायपुर से डोंगरगढ़ और कोरबा जाने में होगी मुश्किल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि खास

रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के अंतर्गत रायपुर-दुर्ग सेक्शन में सरोना और कुम्हारी के मध्य ऑटोमेटिक सिग्नलिंग और अन्य अपग्रेडेशन कार्य की वजह से फिर 21 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। बताया जा रहा है, 28 दिसंबर को 12.00 बजे से 29 दिसंबर 14.00 बजे तक 26 घंटे का नॉन इंटरलॉकिंग अपग्रेडेशन कार्य किया जाएगा। इस वजह से रायपुर से गुजरने वाली 21 ट्रेनों को रद्द किया गया है, तो वहीं 11 ट्रेनों को गंतव्य से पहले समाप्त किया गया है। रद्द ट्रेनों में इतवारी, डोंगरगढ़, कोरबा समेत बिलासपुर जाने वाली ट्रेनें शामिल हैं। लोकल ट्रेनों के रद्द होने से रोजाना सफर करने वाले लोगों को दिक्कत होगी। ट्रेनों के रद्द होने से एक्सप्रेस और बसों में यात्रियों को सफर करना होगा।

### ये ट्रेनें रहेंगी रद्द

- 08701 रायपुर-दुर्ग मेमू पैसेंजर रायपुर से दिनांक 29 दिसम्बर को रद्द रहेगी।
- 08702 दुर्ग-रायपुर मेमू पैसेंजर दुर्ग से दिनांक 29 दिसम्बर को रद्द रहेगी।
- 08703 रायपुर-दुर्ग मेमू पैसेंजर रायपुर से दिनांक 29 दिसम्बर को रद्द रहेगी।
- 08704 दुर्ग-रायपुर मेमू पैसेंजर दुर्ग से दिनांक 29 दिसम्बर को रद्द रहेगी।
- 08707 रायपुर-दुर्ग मेमू पैसेंजर स्पेशल दिनांक 28 एवं 29 दिसंबर को रद्द रहेगी।
- 08708 दुर्ग-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल दिनांक 28 एवं 29 दिसंबर को रद्द रहेगी।
- 08709 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल दिनांक 28 दिसंबर, को रद्द रहेगी।
- 08710 डोंगरगढ़-रायपुर पैसेंजर दिनांक 29 दिसंबर, को रद्द रहेगी।
- 08717 रायपुर-दुर्ग मेमू पैसेंजर रायपुर से दिनांक 28 दिसम्बर, को रद्द रहेगी।
- 08718 दुर्ग-रायपुर मेमू पैसेंजर दुर्ग से दिनांक 28 दिसम्बर, को रद्द रहेगी।
- 08725 रायपुर-दुर्ग मेमू पैसेंजर दिनांक 28 दिसंबर, को रद्द रहेगी।
- 08726 दुर्ग-रायपुर मेमू पैसेंजर दिनांक 28 दिसंबर, को रद्द रहेगी।
- 08721 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर दिनांक 28 दिसंबर, को रद्द रहेगी।
- 08723 डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू पैसेंजर दिनांक 28 दिसंबर को रद्द रहेगी।
- 08723 गोंदिया-रायपुर मेमू पैसेंजर दिनांक 29 दिसंबर, को रद्द रहेगी।
- 08729 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल दिनांक 28 दिसंबर, को रद्द रहेगी।
- 08730 डोंगरगढ़-रायपुर पैसेंजर दिनांक 29 दिसंबर,को रद्द रहेगी।
- 08267 रायपुर -नेताजी सुभाष चंद्र बोष इतवारी मेमू पैसेंजर दिनांक 27 एवं 28 दिसम्बर, को रद्द रहेगी।
- 08268 नेताजी सुभाष चंद्र ▶▶|शेष पेज 11 पर

फैक्ट फाइल

### गंतव्य से पहले समाप्त व शुरू होने वाली ट्रेन

- *8862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर दिनांक 28 दिसंबर को बिलासपुर में समाप्त कर दी जाएगी यह गाड़ी बिलासपुर - गोंदिया के मध्य रद्द रहेगी।*
- *08861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू पैसेंजर दिनांक 28 दिसंबर को गोंदिया के स्थान पर बिलासपुर से झारसुगुड़ा के लिए रवाना की जाएगी यह गाड़ी गोंदिया-बिलासपुर के मध्य रद्द रहेगी।*
- *08816 अंतागढ़-रायपुर डेमू पैसेंजर दिनांक 29 दिसंबर को दुर्ग में समाप्त कर दी जाएगी यह गाड़ी दुर्ग- रायपुर के मध्य रद्द रहेग।*
- *08815 रायपुर-अंतागढ़ डेमू पैसेंजर दिनांक 29 दिसंबर को दुर्ग से रवाना की जाएगी यह गाड़ी रायपुर - दुर्ग के मध्य रद्द रहेगी।*
- *08834 ताड़ोकी- रायपुर डेमू पैसेंजर दिनांक 28 दिसंबर को दुर्ग में समाप्त कर दी जाएगी यह गाड़ी दुर्ग - रायपुर के मध्य रद्द रहेगी।*
- *08833 रायपुर-ताड़ोकी डेमू पैसेंजर दिनांक 28 दिसंबर को दुर्ग से रवाना की जाएगी यह गाड़ी रायपुर - दुर्ग के मध्य रद्द रहेगी*
- *08277 टीटलागढ़ रायपुर पैसेंजर दिनांक 28 दिसंबर को आरंग महानदी में समाप्त होगी। आरंग महानदी - रायपुर के मध्य रद्द रहेगी।*
- *08278 रायपुर तितलागढ़ पेसेजंर दिनांक 29 दिसंबर को आरंग महानदी से प्रारंभ होगी। रायपुर आरंग महानदी के मध्य रद्द रहेगी।*
- *08705 रायपुर डोंगरगढ़ पैसेंजर दिनांक 28 एवं 29 दिसंबर को दुर्ग में समाप्त होगी । यह गाड़ी रायपुर दुर्ग के मध्य रद्द रहेगी।*
- *08528 विशाखापट्टनम-रायपुर पैसेंजर दिनांक 28 दिसंबर को महासमुंद मैं समाप्त होगी। यह गाड़ी महासमुंद रायपुर के मध्य रद्द रहेगी।*
- *08527 रायपुर विशाखापट्टनम पैसेंजर दिनांक 29 दिसंबर को महासमुंद से रवाना की जाएगी यह गाड़ी रायपुर महासमुंद के मध्य रद्द रहेगी।*





पढ़ते रहिए
हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

आपकी सोच से भी ऊपर
Summer & Winterwear Sale
रायपुर के इतिहास में पहली बार
हिन्दुस्तान के 200 नामी ब्रांड के 50,000 से भी अधिक रेडिमेड गारमेन्ट व वूलन आयटम्स करोड़ों रुपये कीमत के अब कौड़ियों के दाम सुराना भवन में बिक्री किये जायेंगें
सेलों की दुनियां में अब तक की सबसे सस्ती बिक्री
सेल सिर्फ 5 दिन – 27, 28, 29, 30 व 31 दिसम्बर

लेडिस वेस्टर्न टॉप....... 100/-
बच्चा शर्ट जींस .......... 100/-
लेडिस लैगीज ............ 100/-
जेन्ट्स टी-शर्ट .......... 150/-
केजुअल शर्ट ............. 100/-
बेबी फ्रॉक .............. 200/-
बेबी टॉप जींस स्कर्ट ... 100/-
जेंट्स केजुअल / फॉर्मल शर्ट 500/- 2 पीस
जेंट्स जीन्स/ ट्राउज़र्स 900/- 2 पीस
जेंट्स टी-शर्ट 200/-
जेंट्स लोअर 200/-
बेबी फ्रॉक/ बाबा सूट 350/-
लेडिज़ फैंसी कुर्ती रियान कुर्ती 350/-



₹100 से लेकर ₹790 तक में खरीदीये
रायपुर की ए-क्लास जेन्ट्री के लिए सेल में सभी नेशनल GB ब्रांड उपलब्ध है.
इस ब्रांडेड एक्जीबिशन में ब्रांडेड स्वेट शर्ट, हाफ स्वेटर्स, जैकेट, जिपर, लेडिस जैकेट, लेडिस स्वेट शर्ट, वूलन टॉप, लेडिस कुर्ती, वेस्टर्न टॉप, जैगिंग, जीन्स, किड्स स्वेट शर्ट, स्वेटर्स, बेबी स्कर्ट, टॉप, जीन्स शर्ट, टी-शर्ट, जीन्स, शर्ट, सभी वूलन आयटम्स तथा इसके अलावा और भी हजारों वेरायटी उपलब्ध है. कृपया सेल में स्वंय आकर देखें.
sumit
स्थान : सुराना भवन छोटापारा, एचपी गैस एजेंसी के सामने, सुभाष स्टेडियम के पास, नलघर चौक, रायपुर

## खबर संक्षेप



### बैरनबाजार में लाइब्रेरी और हमर अस्पताल का लोकार्पण

**रायपुर।** नगर निगम जोन 4 क्षेत्र स्थित पंडित भगवतीचरण शुक्ल वार्ड के बैरनबाजार क्षेत्र में गुरुवार को सर्वसुविधा युक्त 100 सीटर क्षमता वाली लाइब्रेरी का लोकार्पण किया गया। लोकार्पण अवसर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सुनील सोनी, महापौर एजाज ढेबर और वार्ड पार्षद तथा निगम सभापति प्रमोद दुबे विशेष रूप से उपस्थित रहे।
सभापति प्रमोद दुबे ने बताया कि बैरनबाजार क्षेत्र एजूकेशन हब के रूप में विकसित हो चुका है। यहां छात्र-छात्राओं के लिए सुविधा युक्त लाइब्रेरी की जरूरत महसूस की जा रही थी। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए कंप्यूटर और डिजिटल एजूकेशन के लिए पर्याप्त सुविधा को ध्यान में रखते हुए 100 सीटर लाइब्रेरी तैयार की गई है। इसी प्रकार वार्ड वासियों को निःशुल्क दवाई का वितरण आसानी से हो, इसके लिए नवनिर्मित हमर अस्पताल का लोकार्पण हुआ है। लोकार्पण अवसर पर प्रोफेसर जाकिर अली, हेमलता चंद्राकर, नसीम खान, अमित नायडू, अज्जू कुरैशी, इम्तियाज हैदर, बाकर अब्बास, आसिफ खान, जीतू भारती, संजय चंद्राकर, हसन खान, रियाज अहमद,राजू यादव, विनोद कुमार लाल गवली, श्रेयांस दासानी, फहीन खान सहित गणमान्य जन उपस्थित रहे।

### यूथ कांग्रेस पुलिस भर्ती परीक्षा पर दर्ज कराएगी विरोध

**रायपुर।** प्रदेश में आयोजित हो रही पुलिस भर्ती परीक्षा में सामने आ रही गड़बड़ी को लेकर यूथ कांग्रेस द्वारा आज विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा। राजनांदगांव जिले में भ्रष्टाचार संबंधित शिकायतों के बाद भर्ती परीक्षा को रद्द करना पड़ा। इसके विरोध में युवा कांग्रेस प्रदेशभर में जिले के एसपी को ज्ञापन सौंप जा रही है। राजधानी में प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा के नेतृत्व में एसपी ऑफिस में ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### जिले में अब तक 4 लाख 2 हजार 893 मीट्रिक टन धान की खरीदी

**रायपुर।** रायपुर जिले में गुरुवार को 3751 किसानों से 13 हजार 249 टन धान की खरीदी की गई। इसके एवज में किसानों को 30 करोड़ 48 लाख रुपए का भुगतान किया जाएगा। जिले में 14 नवंबर से धान की खरीदी शुरू हो चुकी है। इसके तहत 139 उपार्जन केंद्रों में समितियों द्वारा किसानों से धान खरीदा जा रहा है। अब तक 4 लाख 2 हजार 893 मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। इस तरह 926 करोड़ 99 लाख रुपए कीमत का धान खरीदा गया है। धान की खरीदी 31 जनवरी 2025 तक होगी।

### पैतृक व्यवसाय में लगे सेन समाज के 44 लोगों को बांटे गीजर



**रायपुर।** छग जनहितकारी कल्याण समिति की ओर से कांग्रेस नेता पंकज शर्मा के मुख्य अतिथ्य में भनपुरी में आयोजित एक कार्यक्रम में अपने पैतृक व्यवसाय में लगे सेन समाज के 44 व्यवसायियों को गीजर बांटे गए। समिति की ओर से सांई मंदिर परिसर कबीर कुटी में एक भव्य कार्यक्रम के दौरान समिति की ओर से पंकज शर्मा ने गीजर प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि सेवा ही हमारा संकल्प होना चाहिए। हमारी कांग्रेस पार्टी गरीब, पिछड़े, दलित, प्रताड़ित, किसान, मजदूर, छोटे दुकानदार जैसे वर्ग को ऊपर उठाने का कार्य करती है। कार्यक्रम में कौशल वर्मा, घनश्याम पाठक, सुभाष साहू, राजू पांडे, मनोज वर्मा, केशव सिन्हा, जागेश्वर साहू, सतीश सेन सहित सेन समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# सोनिया गांधी के साथ 2013 में रायपुर आए थे पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह

- परिवर्तन यात्रा में नंदकुमार पटेल, महेंद्र कर्मा सहित कांग्रेसी नेताओं पर हुआ था नक्सली हमला
- नक्सली हमले के बाद रातभर जागे, सोनिया भी रहीं सदमे में
- जब नंदकुमार पटेल की हत्या हुई, उस वक्त सोनिया गांधी के साथ रात्रि में आए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के बस्तर में दरभा घाटी में जब साल 2013 में सबसे बड़ा नक्सली हमला हुआ, उस समय प्रदेश कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष



नंदकुमार पटेल, पूर्व केंद्रीय विद्याचरण शुक्ल, बस्तर टाइगर के नाम से चर्चित सांसद महेंद्र कर्मा, पूर्व विधायक उदय मुदलियार, गोपी माधवानी सहित 38 लोगों की मौत हो गई थी। तब शनिवार की देर रात तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी के साथ रायपुर पहुंचे थे। रातभर वे यहां रुके। इस दौरान सोनिया गांधी सदमे में रहीं। 25 मई 2013 की घटना आज भी याद है। ये कहना है वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी का। कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा पर जंगल में हुए नक्सली हमले के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने रायपुर में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से हालात की ताजा जानकारी ली और नक्सलियों के कायराना हमले की निंदा भी की थी।

### राहुल भी देर रात पहुंचे थे रायपुर

तत्कालीन कांग्रेस उपाध्यक्ष राहुल गांधी भी देर रात रायपुर पहुंचे थे। दरभा घाटी में नक्सली हमले की घटना को लेकर तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के साथ बैठक के बाद सोनिया गांधी ने कहा, जो आम लोग राजनीतिक गतिविधियों से जुड़े थे, नक्सलियों ने उन्हें भी बेरहमी से मार डाला। तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह और कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने घटना की तीखी आलोचना की थी। हमले के वक्त पूर्व सीएम स्व. अजीत जोगी सौभाग्यशाली रहे, जो परिवर्तन रैली के बाद सड़क से जा रहे काफिले में शामिल न होकर वे हेलीकाप्टर से रायपुर लौट आए।

## भूपेश-महंत-सिंहदेव समेत कांग्रेसियों ने जताया शोक





पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शोक जताया है। उन्होंने स्व. सिंह के प्रति आदरांजलि प्रकट करते हुए कहा, महान राष्ट्रकर्मी विदा हुए, देश आपका आभारी रहेगा सर। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मंत्री टीएस सिंहदेव, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व विधायकों, सांसदों समेत कांग्रेस के पदाधिकारियों ने भी उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी है।

### आज जिलाध्यक्षों के लिए तय किया जाएगा जिलों में पैनल

# कवर्धा के एक मंडल में ज्यादा उम्र के कारण चुनाव रद्द, माना मंडल का चुनाव स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भाजपा का मंडल अध्यक्षों का चुनाव हो रहा है। इसमें कुछ स्थानों पर मंडल अध्यक्षों के नामों को लेकर जमकर विवाद हो रहा है। पहले गरियाबंद, पेंड्रा, कवर्धा के बाद अब राजधानी रायपुर के माना मंडल के चुनाव में विवाद हुआ है। ऐसे में जहां कवर्धा के एक मंडल का चुनाव ज्यादा उम्र के कार्यकर्ता को अध्यक्ष बनाने के कारण रद्द कर दिया गया है, वहीं माना मंडल का चुनाव भी विवाद के कारण स्थगित कर दिया गया है। प्रदेश के संगठन चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख का कहना है, कवर्धा और माना को छोड़कर बाकी स्थानों के विवाद का निराकरण कर लिया गया है। इधर जिलाध्यक्षों के लिए शुक्रवार को जिलों में बैठक कर जिलाध्यक्ष के लिए नामों का पैनल बनाया जाएगा। इसको दिल्ली भेजा जाएगा। वहीं से अध्यक्ष का नाम तय होगा।

भाजपा के संगठन चुनाव में 476 मंडलों के चुनाव में 440 मंडलों का चुनाव किया गया है। इसमें कुछ स्थानों पर विवाद हुआ है। माना मंडल अध्यक्ष के नाम का मंगलवार को ऐलान होते ही विवाद खड़ा हो गया। जिन भीमवंत निषाद को



अध्यक्ष बनाया गया है, उनको कांग्रेस से आया हुआ बताकर विरोध किया गया और इसको लेकर जहां भारी संख्या में माना के कार्यकर्ता कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में विरोध करने पहुंचे, वहीं अपील समिति के संयोजक सच्चिदानंद उपासने से शिकायत की गई है। यह शिकायत बाद में प्रदेश के संगठन चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख के पास पहुंची, तो उन्होंने फिलहाल चुनाव को पूरे मामले की जांच होने तक स्थगित कर दिया है। माना मंडल अध्यक्ष के चुनाव में नियमों का पालन न करने की बात वहां के कार्यकर्ता कर रहे हैं। इनका कहना है कि चुनाव के लिए पार्टी ने जो नियम बनाए गए हैं, उनका पालन नहीं किया गया है। जिनको अध्यक्ष बनाया गया है, एक तो वे पहले किसी पद में नहीं रहे हैं, जबकि मंडल अध्यक्ष बनने के लिए पहले किसी पद में काम करना जरूरी है। इसी के साथ पैनल में जिनका नाम था, उनमें उनका नाम शामिल नहीं था जिनको अध्यक्ष बनाया गया है।

### आज बनेगा जिलाध्यक्षों का पैनल

मंडल अध्यक्षों का चुनाव लगभग समाप्त गया है। अब जिलाध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। सभी जिलों में शुक्रवार को बैठक करके दावेदारों के नामों पर मंथन के बाद तीन-तीन नामों का पैनल बनाया जाएगा। कहीं पर इससे भी ज्यादा नामों का पैनल संभव है। सभी जिलों के पैनल राष्ट्रीय संगठन को भेजे जाएंगे। अगर पैनल शुक्रवार को दिल्ली नहीं भेजे जा सके तो शनिवार को प्रदेश के पदाधिकारी खुद दिल्ली लेकर जाएंगे क्योंकि रविवार को दिल्ली में बैठक होगी, जिसमें अध्यक्षों के नामों पर फैसला होगा।

**पीएम मोदी वर्चुअल कार्यक्रम में पूरे देश में 57 लाख अधिकार अभिलेख करेंगे वितरण**

# छत्तीसगढ़ के 17 जिलों में ग्रामीण रहवासियों को मिलेगा मालिकाना हक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वर्चुअल उपस्थिति में 27 दिसंबर को छत्तीसगढ़ के 10 जिलों में स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीण आबादी वाले क्षेत्रों में ग्रामीण रहवासियों को मालिकाना हक देने के साथ रिकॉर्ड ऑफ राइट्स प्रदान किया जाएगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी स्वामित्व योजना के तहत पूरे देश में 57 लाख से अधिक सम्पत्ति कार्ड का वितरण करेंगे। इनमें छत्तीसगढ़ के 17 जिलों के 50 हजार से अधिक सम्पत्ति मालिकों के भूमि संबंधी रिकार्डस शामिल हैं। स्वामित्व योजना में मालिकाना हक के साथ ही रिकॉर्ड ऑफ राइट्स प्रदान करने के लिए जिलों में समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन दोपहर 12:30 बजे से प्रारंभ होगा।

इन जिलों में होंगे कार्यक्रम

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय धमतरी में आयोजित समारोह में शामिल होंगे। इसी प्रकार उपमुख्यमंत्री अरुण साव कोरबा, उपमुख्यमत्री विजय शर्मा दुर्ग, कृषि मंत्री रामविचार नेताम बलरामपुर-रामानुजगंज, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल महासमुंद, वन मंत्री केदार कश्यप राजनांदगांव, उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, कबीरधाम, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल बलौदाबाजार-भाटापारा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी सरगुजा और महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े सूरजपुर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगी।

इसके अलावा 7 अन्य जिलों कोण्डागांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, गरियाबंद, जांजगीर-चांपा, बालोद, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी, सक्ती में भी स्वामित्व कार्डों का वितरण होगा। स्वामित्व योजना के हैं कई लाभ स्वामित्व योजना का उद्देश्य भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण के माध्यम से ग्रामीणों को संपत्ति का अधिकार प्रदान करना है। इस योजना में ड्रोन सर्वे और जीआईएस मानचित्रों की सहायता से भूमि रिकार्डस को सटीक बनाया जाएगा। भूमि संबंधी सर्टिफिकेट मिलने से भूमि संबंधी विवादों मे कमी आएगी। सम्पत्ति की खरीदी बिक्री और हस्तान्तरण आसान हो जाएगा। भूमि मालिकों को बैंकऋण मिलने में आसानी होगी। इसके अलावा शासकीय और सार्वजनिक सम्पत्ति को सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी।

# प्रकृति परीक्षण अभियान का पहला चरण पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



- सीएम साय ने जशपुर में किया समापन

भारत सरकार आयुष मंत्रालय द्वारा देश में चलाए जा रहे आयुर्वेदीय देश का प्रकृति परीक्षण अभियान के प्रथम चरण का समापन बुधवार को जशपुर के कुनकुरी में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को उनके प्रकृति परीक्षण उपरांत प्राप्त प्रकृति प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। इस अभियान के तहत मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से देश के एक करोड़ नागरिकों के आयुर्वेद सिद्धांत अनुसार प्रकृति (वात-पित्त-कफ) का विश्लेषण करने का लक्ष्य रखा गया था, जिसके तहत 1 करोड़ 30 लाख नागरिकों का प्रकृति परीक्षण किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य में आयुर्वेद पद्धति से जुड़े 3547 शिक्षकों, चिकित्सकों और छात्रों ने 4 लाख 25 हजार से अधिक नागरिकों का प्रकृति परीक्षण किया। छत्तीसगढ़ राज्य प्रकृति परीक्षण के आंकड़ों के मुताबिक देश में नौंवे स्थान पर तथा लॉगिन वालिंटियर्स द्वारा किए गए कुल प्रकृति परीक्षण यानी स्ट्राइक रेट के मानक में तीसरे स्थान पर रहा। मुख्यमंत्री ने समारोह में उपस्थित जनसमुदाय से आधुनिक जीवनशैली और खानपान के कारण बढ़ते गैरसंचारी रोगों के प्रसार की रोकथाम के लिए आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति अपनाने पर जोर देते हुए लोगों से आयुर्वेद महाविद्यालयों, चिकित्सालयों, औषधालयों एवं आयुर्वेद चिकित्सकों से अपना प्रकृति परीक्षण कराने का अनुरोध किया। इस अवसर पर संयुक्त संचालक आयुष डॉ. सुनील दास द्वारा विभागीय प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए इस अभियान के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर अभियान के राज्य समन्वयक और आयुर्वेद, यूनानी और प्राकृतिक चिकित्सा परिषद के रजिस्ट्रार डॉ. संजय शुक्ला, महाविद्यालय समन्वयक डॉ. ओपी राउत तथा जशपुर के जिला आयुष अधिकारी डॉ. भुवनेश्वर पैकरा भी उपस्थित थे। डॉ. संजय शुक्ला ने बताया कि आगामी जनवरी माह में इस अभियान के अंतर्गत प्रथम और द्वितीय क्रम में सर्वाधिक प्रकृति परीक्षण करने वाले आयुर्वेद महाविद्यालयों, शिक्षकों, छात्रों , जिलों,आयुर्वेद अधिकारियों एवं निजी चिकित्सकों को परिषद द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

# अंतर्राष्ट्रीय विमान सेवा शुरू करने बृजमोहन की एयरपोर्ट एडवाइजरी कमेटी से चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



- रायपुर-अंबिकापुर फ्लाइट को पटना तक संचालित करने पर विचार

छत्तीसगढ़ में हवाई सेवाओं के विस्तार और स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट को यात्रियों के लिए बेहतर बनाने के लिए गुरुवार को एयरपोर्ट एडवाइजरी कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने की। बैठक में रायपुर एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विकसित करने के लिए आवश्यक कदमों पर विस्तार से चर्चा हुई।

श्री अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ से विदेश यात्रा करने वाले यात्रियों के सही आंकड़े जुटाने के लिए इमीग्रेशन ऑफिस से डेटा संग्रहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने एयरपोर्ट पर जल्द से जल्द इमिग्रेशन, कस्टम और कार्गो ऑफिस शुरू करने की आवश्यकता पर बल दिया ताकि अंतरराष्ट्रीय विमान सेवाएं प्रारंभ की जा सकें। श्री अग्रवाल ने रायपुर से अंबिकापुर के लिए संचालित उड़ानों को पटना, प्रयागराज, बनारस, और रांची तक जोड़ने की संभावनाओं की तलाश करने के निर्देश दिए। साथ ही रायपुर से जयपुर, पुणे, पटना, रांची, और चंडीगढ़ के लिए सीधी उड़ानें शुरू करने की कार्य योजना बनाने की बात कही। उन्होंने रायपुर-हैदराबाद उड़ान को वाया जगदलपुर संचालित करने के निर्देश भी दिए। एयर इंडिया और अकासा एयर जैसी एयरलाइंस को रायपुर से अपनी सेवाएं शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करने का सुझाव भी दिया, ताकि किराए में कमी के साथ यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सके। बैठक में एयरपोर्ट पार्किंग की दरों, वेटिंग टाइम और पार्किंग कर्मियों के व्यवहार पर भी चर्चा की गई। श्री अग्रवाल ने वेटिंग टाइम को 10 मिनट करने और पार्किंग दरों में कमी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर को एयरपोर्ट अथॉरिटी के साथ मिलकर इन मुद्दों पर समाधान निकालने के लिए कहा। इसके अलावा, एयरपोर्ट परिसर में उचित दरों पर खाने-पीने की वस्तुएं उपलब्ध कराने और छत्तीसगढ़ी व्यंजनों को बढ़ावा देने के लिए आउटलेट खोलने के निर्देश दिए गए।

### इंफ्रास्ट्रक्चर सुधार पर प्रगति

एयरपोर्ट निदेशक डॉ. एस.डी. शर्मा ने बताया, जल्द ही इन-लाइन बैगेज हैंडलिंग सिस्टम को चालू किया जाएगा, जिससे पंजीकृत सामान की स्क्रीनिंग में सुविधा होगी। आउटबाउंड कार्गो सुविधा अगली तिमाही में पुनः शुरू की जाएगी। भीड़भाड़ कम करने के लिए टर्मिनल बिल्डिंग के सामने तीन नई लेन और दो अतिरिक्त एग्जिट चेक प्वाइंट बनाए जाएंगे। बैठक में विधायक मोतीलाल साहू, कलेक्टर गौरव कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह, निगम कमिश्नर अविनाश मिश्रा, एयरलाइंस प्रतिनिधि और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।


### भाजपा अनुशासित पार्टी, सर्वानुमति से हुए मंडल अध्यक्षों के चुनाव

# अरुण साव ने कहा- नगरीय निकायों और पंचायतों में आरक्षण प्रकिया अंतिम चरण पर, चुनाव कार्यक्रम जल्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- मंत्रिमंडल विस्तार मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, नगरीय निकाय चुनाव का एक चरण बचा है, जल्द ही महापौर और अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण होगा। निकायों में पार्षदों के लिए आरक्षण की प्रक्रिया हो चुकी है। पंचायत चुनाव के आरक्षण के लिए कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं। फिलहाल चुनाव की प्रकिया चल रही है। राज्य निर्वाचन आयोग ने भी अपनी प्रकिया प्रारंभ कर दी है। सरकार चाहती है कि जल्द से जल्द नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव की प्रकिया हो, इसके लिए सरकार गंभीरता से काम कर रही है। जल्द



ही चुनाव कार्यक्रम घोषित होंगे, ऐसी उम्मीद है।

मंत्रिमंडल के विस्तार के सवाल पर उन्होंने कहा, इस निर्णय का विशेषाधिकार मुख्यमंत्री के पास है। केंद्रीय नेतृत्व से बात कर मुख्यमंत्री इस पर निर्णय लेंगे। समय पर इस बारे में आपको बता दिया जाएगा। संगठन चुनाव पर उन्होंने कहा, भारतीय जनता पार्टी एक अनुशासित पार्टी है। पार्टी के सभी मंडल में चुनाव की प्रकिया प्रारंभ हुई है। इस दौरान एक दो स्थानों पर छोटी छोटी बातें सामने आई हैं। संगठन ने उसे गंभीरता से लिया है। अधिकतर स्थानों पर सर्वानुमति से मंडल अध्यक्षों के चुनाव हुए हैं।

### यादों को चिरस्थाई रखने अटल परिसर

उन्होंने कहा, कल हमने छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता और हमारे प्रेरणास्रोत अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती मनाई है। उन्होंने कहा, अटल के कारण आज प्रदेश तरक्की के पथ पर अग्रसर है, तेज गति से विकास कर रहा है। छत्तीसगढ़ ने आज जो तरक्की की है, वह अटल के कारण संभव हो पाया है। उनकी यादों को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए, उनके सम्मान में प्रदेश में अटल परिसर के निर्माण करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा, कल 163 स्थानों पर अटल परिसर के लिए भूमिपूजन किया है।

# किरण देव बोले- कश्मीर को पाक, अक्साई चिन को चीन का हिस्सा बताना कांग्रेस का राष्ट्र विरोधी कृत्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर






भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरणसिंह देव ने कर्नाटक में आयोजित कांग्रेस के अधिवेशन में भारत के मानचित्र में कश्मीर को पाकिस्तान और अक्साई चिन को चीन का हिस्सा बताए जाने की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे कांग्रेस का राष्ट्र विरोधी कृत्य बताया है।

श्री देव ने कहा, संविधान, लोकतंत्र और भारत के मानचित्र का बार-बार मखौल उड़ाना कांग्रेस की भारत विरोधी मानसिकता का प्रमाण है और यही कांग्रेस का स्थायी राजनीतिक चरित्र बन चुका है। श्री देव ने कहा, संविधान का सरेआम मखौल उड़ाने और लोकतंत्र का गला घोंटने वाली कांग्रेस अब भारत के मानचित्र को विकृत रूप में अपने मंच पर लगाकर भारत की एकता, अखंडता और सम्प्रभुता को भी सीधे-सीधे चुनौती देने लग गई है। कांग्रेस की यह करतूत अक्षम्य है और कांग्रेस के खिलाफ अब संवैधानिक प्रावधानों के तहत भारत के मानचित्र से इस तरह की छेड़छाड़ को लेकर कड़े कानूनी कदम उठाए जा सकते हैं। श्री देव ने कहा, कांग्रेस का यह अक्षम्य अपराध पहली बार या फिर भूल से हुआ हो, ऐसा नहीं माना जा सकता। यह कांग्रेस की एक सोची-समझी करतूत है और वह विदेशी ताकतों के हाथों खेलकर अपने टूलकिट एजेंडे पर अमल कर रही है। इससे पहले भी छत्तीसगढ़ के पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने यह कृत्य किया था। भाजपा द्वारा तब इस विषय का खुलासा करने, मुकदमा आदि दर्ज कराने के बाद कांग्रेस ने माफी मांगी थी।

## खबर संक्षेप

### डॉयल 108 में भर्ती विज्ञापन, सर्विस प्रोवाइडर ने की थाने में शिकायत

**रायपुर।** डॉयल 108 संचालित करने वाली जय अंबे इमरजेंसी सर्विसेस ने एक कंसल्टेंसी द्वारा भर्ती विज्ञापन को लेकर तेलीबांधा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। डॉयल 108 की सुविधा उपलब्ध कराने वाली कंपनी ने विज्ञापन को फर्जी बताते हुए लोगों के साथ धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। जय अंबे इमरजेंसी सर्विसेस ने फाइन दक्ष कंसल्टेंसी के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। डॉयल 108 की सुविधा उपलब्ध कराने वाली कंपनी ने अपनी लिखित शिकायत में आरोप लगाया है कि संबंधित कंसलटेंसी कंपनी ईएमटी और पायलट की जिलेवार फर्जी भर्ती निकालकर युवाओं को जॉब के नाम पर लूटने की कोशिश कर रही है। डॉयल 108 की सर्विस प्रोवाइडर कंपनी ने पुलिस को बताया है कि उनकी संस्था द्वारा उक्त कंसल्टेंसी से मैनपावर प्रदान करने के लिए किसी भी प्रकार का कोई भी करार नहीं किया गया है। डॉयल 108 सुविधा उपलब्ध कराने वाली कंपनी ने कंसल्टेंसी पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी कर उनकी छवि धूमिल करने का आरोप लगाया है।

- सर्विस प्रोवाइडर ने विज्ञापन को बताया फर्जी

## निधन

### बेना बाई उपाध्याय



**रायपुर।** आदर्श नगर चंगोराभाठा निवासी बेना बाई उपाध्याय (80) का 26 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 27 दिसंबर को 11 बजे महादेवघाट श्मशानघाट में किया जाएगा। वे स्व. प्रकाशचंद्र उपाध्याय की पत्नी, प्रवीण, मनोज, नीलिमा शर्मा, पद्मा दीवान, अमिता शर्मा की माता थीं।

### कु. मनसा केशरवानी



**रायपुर।** गुढ़ियारी मुर्राभट्ठी निवासी कु. मनसा (सिद्धी) का 26 दिसंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 27 दिसंबर को दोपहर 2.30 बजे निज निवास से कोटा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे अंबर केशरवानी की पुत्री एवं मयूर केशरवानी की भतीजी थीं।

### चंदा देवी मटलानी



**रायपुर।** संत कंवरराम नगर कटोरा तालाब निवासी चंदा देवी मटलानी निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 27 दिसंबर को सुबह 11 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे महेंद्र एवं विजय मटलानी की माता थीं।

### सुंदरलाल रंगलानी



**रायपुर।** मोहबा बाजार निवासी सुंदरलाल रंगलानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 25 दिसंबर को कोटा मुक्तिधाम में किया गया। वे कंवरलाल, श्रीचंद, गोपीचंद, पंजूमल रंगलानी के भाई एवं रमेश रंगलानी के पिता थे।

# 10 अरब 32 करोड़ से अधिक की ठगी, लौटाए 5 करोड़ 37 लाख, डेढ़ वर्ष से संपत्तियों की जब्ती-नीलामी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कांग्रेस शासन का कार्यकाल खत्म होने के बाद से चिटफंड कंपनियों के निवेशकों को राशि मिलना बंद हो गई है। रायपुर जिले में 272 चिटफंड कंपनियों ने 3 लाख 19 हजार 739 निवेशकों से 10 अरब 32 करोड़ 99 लाख रुपए की ठगी की थी। इनमें प्रदेश के दूसरे जिलों के निवेशक भी बड़ी संख्या में शामिल हैं। कई कंपनियां दूसरे जिलों की भी हैं, जिनमें रायपुर निवेशकों ने पैसे लगाए थे। रायपुर जिले में चिटफंड कंपनियों की जब्त की गई संपत्तियों की नीलामी से प्राप्त राशि में से अब तक करीब 11 हजार निवेशकों को 5 करोड़ 37 लाख रुपए की राशि लौटाई गई है। यह राशि वर्ष 2019 से सितंबर 2023 की अवधि के दौरान लौटाई गई है। इसके बाद से चिटफंड कंपनियों की कोई संपत्ति न जब्त की गई है और न ही पूर्व में जब्त की गई किसी संपत्ति की नीलामी हो पाई है, जिसके कारण निवेशकों को उनके डूबे पैसे भी मिल नहीं पा रहे हैं। इधर इस मामले में प्रशासनिक अधिकारी का कहना है कि नियम व प्रक्रिया के तहत कार्यवाही की जा रही है। कई मामले कोर्ट में लंबित हैं, वहीं कई प्रकरण पर स्टे लगे हुए हैं, इसलिए भी निवेशकों को राशि लौटा नहीं पा रहे हैं।

### इन कंपनियों की हुई संपत्तियां कुर्क और नीलामी

विभागीय अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार जिले में अब तक गोल्ड इंफ्रावेंचर लिमिटेड की संपत्ति बेचकर उससे 81 लाख 1 हजार रुपए, निर्मल इंफ्रा होम की संपत्ति की नीलामी से 51 लाख 51 हजार रुपए, आरोग्य धनवर्षा की संपत्ति से 11 लाख 85 हजार रुपए, शुष्क इंडिया कंपनी लिमिटेड की संपत्ति से 2 करोड़ 10 लाख रुपए एवं देवयानी प्रॉपर्टीज लिमिटेड की 4 करोड़ 14 लाख रुपए की संपत्ति नीलामी की गई है। सूत्रों के अनुसार शुष्क इंडिया में ज्यादातर धमतरी जिले के निवेशकों के पैसे लगे थे।

### तीन कंपनियों की नीलामी पर स्टे

*अधिकारियों के अनुसार एचबीएन डेयरीज एण्ड एलाइड लिमिटेड की संपत्ति की नीलामी पूरी कर ली गई है। इस कंपनी की संपत्ति 10 करोड़ 30 लाख रुपए में नीलाम हुई है, परंतु कंपनी ने एनसीएलटी से नीलामी के विरुद्ध स्थगन प्राप्त कर लिया है। इसी प्रकार किम इंफ्रा डेवलपर्स लिमिटेड और नेक्टर कमर्शियल एस्टेट लिमिटेड कंपनी की संपत्ति भी 1 करोड़ 54 लाख 40 हजार रुपए में नीलाम की जा चुकी है। कंपनी ने इसके विरुद्ध बिलासपुर उच्च न्यायालय से स्टे लिया हुआ है। इसके अलावा माइक्रो फाइनेंस कंपनी की खिलौरा अभनपुर में 9 करोड़ से अधिक की संपत्ति नीलाम होनी थी।*

### इन जिलों की कंपनियों में भी रायपुर के निवेशकों ने लगाए थे पैसे

*272 कंपनियों में रायपुर जिले के निवेशकों ने अपने पैसे लगाए थे। इनमें दूसरे जिलों की कई कंपनियां भी शामिल है, जिनमें ग्रींडलेन एंड प्रोजेक्ट डेवलपमेंट बालोद, आईडब्ल्यूसी मार्केटिंग कबीरधाम, एचबीएन डेयरीज एलायज कांकेर, जीएन गोल्ड धमतरी, संस साईन इंफ्रा बिल्ड दुर्ग, जेएसवी डेवलपर्स राजनांदगांव तथा मिलियम इंफ्रा स्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट धमतरी, एसपी एंड लैंड, बीएनपी इंडिया व सांई प्रकाश प्रापर्टी गरियाबंद शामिल है।*

### इन कंपनियों के प्रकरण न्यायालय में लंबित

*सूत्रों के अनुसार प्रशासन ने माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड, आरोग्य धन वर्षा डेव्लपमेंट, एसपी एंड लैंड, बीएनपी इंडिया, सांई प्रकाश प्रापर्टीज, गुरुकृपा इंफ्रा रियलटी कंपनियों के डायरेक्टरों की भी संपत्ति जब्त की गई है, जिसकी नीलामी होनी है, लेकिन ये सभी प्रकरण कोर्ट में लंबित हैं।*

### बांटने की प्रक्रिया जारी

चिटफंड कंपनियों की संपत्तियों की जब्ती, कुर्की और निवेशकों को बांटने की प्रक्रिया जारी है। कई प्रकरण कोर्ट में लंबित हैं, वहीं कई में स्टे भी लगे हुए हैं।

\- **डा. गौरव सिंह,** कलेक्टर रायपुर

## माता कौशल्या विहार और इंद्रप्रस्थ रायपुरा के संयुक्त सर्वे के बाद निगम ने 125 करोड़ का भेजा डिमांड

# आरडीए-हाउसिंग बोर्ड की दर्जनभर कालोनियों को निगम ने अब तक नहीं लिया हैंडओवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

आरडीए और छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल की दर्जनभर कालोनियों को नगर निगम हैंडओवर नहीं ले रहा है। इन कालोनियों को निगम में हैंडओवर लेने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय बाकायदा निर्देश भी जारी हुए, इसके बाद भी निगम प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा। विडंबना ये है, कालोनी के रहवासी नगर निगम को प्रापर्टी टैक्स के साथ जल कर का भुगतान हर साल कर रहे हैं, पर नगर निगम की ओर से उन्हें डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, नाली व सड़क की सफाई सहित अन्य मूलभूत सुविधा अब तक नहीं मिल पाई। उल्टे कौशिल्या विहार सेक्टर 4 के रहवासी एरिया में निगम ने कचरा प्राइमरी डंप करवाना शुरू कर दिया है। इससे रहवासी बेहद त्रस्त हैं। दरअसल, रायपुर विकास प्राधिकरण के 1200 करोड़ के आधा दर्जन प्रोजेक्ट को नगर निगम ने हैंडओवर नहीं लिया है। दोनों महकमे के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने सर्वे कर अपनी जांच रिपोर्ट पहले ही सौंप दी है। जोन 10 कमिश्नरी ने इसके बाद 125 करोड़ का डिमांड नोट भेजा है। प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है, हम पैसा नहीं दे सकते, बल्कि खामियां पूरी कर देंगे। इसी तरह इंद्रप्रस्थ रायपुरा का सर्वे करने के बाद जोन 8 ने करीब 1 करोड़ से ज्यादा का डिमांड भेजा। प्राधिकरण ने यह राशि जमा नहीं कराई। ऐसे में कालोनी का हैंडओवर लंबित है।




**कौशिल्या विहार के रहवासी परेशान, स्ट्रीट लाइट बंद, कूड़ा-करकट, सुरक्षा की समस्या**

1600 एकड़ में फैले रायपुर विकास प्राधिकरण के कौशिल्या विहार सेक्टर 4 में खुली जमीन पर नगर निगम ने कचरा डंप करना शुरू कर दिया है। बदबू और गंदगी से बेहाल लोगों ने दो दिन पहले नगर निगम की गाड़ियां रोक कर विरोध जताया। मुख्यमंत्री से भी जनदर्शन में इसकी शिकायत हुई है। नगर निगम कौशिल्या विहार वालों से प्रापर्टी टैक्स तो वसूल रहा है, पर डोर टू डोर कचरा कलेक्शन और सड़क सफाई नहीं करा रहा। गंदगी और स्ट्रीट लाइट की समस्या भी यहां बनी हुई है। कौशिल्या विहार रेसीडेंट एसोसियेशन के अध्यक्ष आशीष भट्टाचार्य का कहना है, नगर निगम और आरडीए के बीच कौशिल्या विहार के रहवासी पिसकर रह गये।

### हाउसिंग बोर्ड की कालोनी भी हैंडओवर नहीं

भावना नगर, कचना फेस 1 मल्टी कांप्लेक्स, खम्हारडीह सेजबहार की हाउसिंग बोर्ड कालोनी, देवपुरी स्थित हिमालयन हाईट्स के 1000 फ्लैट को निगम में हैंडओवर लेने का प्रस्ताव लंबित है। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अधिकारी संदीप साहू के मुताबिक इन इलाकों में नगर निगम संबंधित कालोनी के रहवासियों से प्रापर्टी टैक्स ले रहा है, पर पानी, नाली और सड़क सफाई, स्ट्रीट लाइट की देखरेख नहीं कर रहा। हमने पहले ही प्रस्ताव बनाकर भेज रखा है। सोसाइटी बनाकर कालोनी मेंटेन करना है, पर कालोनी वासी एकमत नहीं हो पा रहे। रहवासी त्रस्त हैं, एक ओर निगम प्रापर्टी टैक्स ले रहा, दूसरी ओर हाउसिंग बोर्ड मेंटनेंस शुल्क मांग रहा है। इसमें से बोरियाकला, सेजबहार कालोनी निगम क्षेत्र में नहीं है, इसलिए निगम ध्यान नहीं दे रहा।

### सीवरेज नाली, स्ट्रीट लाइट की समस्या

*कौशिल्या विहार सेक्टर 6 में पिछले 6 साल से रहने वाले विनोद मोटवानी ने कहा है, सीवरेज, नाली, स्ट्रीट लाइट और सफाई की समस्या को लेकर हम मुख्यमंत्री, निगम कमिश्नर, जोन कमिश्नर, आरडीए के अधिकारियों के पास गये, पर समस्या दूर नहीं हुई। दस साल से सीएसईबी के मेंटनेंस का पैसा नहीं पटाया गया है। जरा सी बारिश होने पर पैनल में पानी घुसने से बिजली बंद हो जाती है। रहवासियों ने हल्ला मचाया, तब कहीं जाकर आरडीए ने सीएसईबी को 2 करोड़ दिए, पर बिजली की समस्या अब भी है। मुख्य मार्ग के सीवरेज में ढक्कन नहीं है। लालपुर का गंदा पानी सेक्टर 5 में घुस रहा है। हालात ये हैं, इनके प्लॉट हैं वे मकान नहीं बना सकते। कौशिल्या विहार को निगम में हैंडओवर करने आग्रह लेकर कमिश्नर के पास गये तो कहना है, आरडीए पहले 100 करोड़ दे।*

# नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड का डीलर प्रशिक्षण संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम ) क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर द्वारा एक दिवसीय डीलर प्रशिक्षण कार्यक्रम रायपुर स्थित एक होटल में आयोजित किया गया। डीलर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस दौरान रायपुर क्षेत्र प्रभारी एसके भगत ने लक्ष्य एवं उपलब्धि पर विस्तार से जानकारी दी तथा डीलरों का कृषि व्यवसाय विकास उत्पादों की बिक्री वृद्धि पर ध्यान केंद्रित किया। कृषि व्यवसाय विकास प्रभारी, क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल एमएम राठी ने डीलरों से कृषि व्यवसाय विकास उत्पादों की बिक्री पर जोर दिया, साथ ही बिक्री के संबंध में डीलरों के प्रश्नों एवं समस्याओं का समाधान किया। राज्य प्रबंधक, छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा ओमपाल गुप्ता ने डीलरों को वर्तमान बाजार की स्थिति एवं राज्य में उर्वरक बिक्री की चुनौतियों के बारे में संबोधित किया। निदेशक कृषि विस्तार सेवाएं, इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय रायपुर डॉ. एसएस टुटेजा ने कृषि इनपुट डीलरों को रासायनिक उर्वरकों के विवेकपूर्ण उपयोग के साथ-साथ जैविक उर्वरकों को बढ़ावा देने के बारे में संबोधित किया, ताकि जैविक और रासायनिक उर्वरकों के अंतिम उपयोगकर्ता तक जानकारी साझा किया जा सके।

आंचलिक प्रबंधक भोपाल आरएस चौहान ने डीलरों को संबोधित किया और कंपनी से संबंधित बहुमूल्य जानकारी साझा की तथा कृषि व्यवसाय विकास उत्पादों के साथ उर्वरकों की बिक्री बढ़ाने के लिए डीलरों को प्रोत्साहित किया।

# आरडीए का संपत्ति विक्रय अब ऑनलाइन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर विकास प्राधिकरण की संपत्तियां अब घर बैठे खरीदी जा सकेगी। आवास एव पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने गुरुवार को प्राधिकरण की ऑनलाइन संपत्ति विक्रय की प्रक्रिया का शुभारंभ किया। इस मौके पर श्री चौधरी ने कहा रायपुर विकास प्राधिकरण की यह एक अच्छी पहल है इसका फायदा आम लोगों को मिलेगा। इससे नागरिकों प्रापर्टी ब्रोकर, एजेंट की जरूरत नहीं पड़ेगी। देश-दुनिया से कोई भी भारतीय नागरिक अब रायपुर विकास प्राधिकरण की प्रापर्टी बिना किसी दिक्कत के खरीद सकेगा। प्राधिकरण ने आम जनता की सुविधा के लिए ऑनलाइन प्रापर्टी विक्रय की व्यवस्था शुरू कर दी है। संपत्ति ऑनलाइन विक्रय साफ्टवेयर के बारे में प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन ने बताया कि ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से रायपुर विकास प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में उपलब्ध संपत्ति खरीदने के इच्छुक भारतीय नागरिक वेबसाइअ के माध्यम से योजनावार, कैटेगरी में उपलब्ध संपत्ति खोज कर ऑनलाइन ही राशि का भुगतान कर क्रय कर सकेंगे। इस प्रक्रिया से संपत्ति विक्रय की प्रीमियम राशि, जलकर और अन्य भुगतान किया जा सकेगा। इस प्रक्रिया से लोगों को बार-बार प्राधिकरण कार्यालय में आने की परेशानी नहीं होगी, साथ ही समय की बचत होगी। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में आवास एवं पर्यावरण विभाग के सचिव अंकित आनंद, नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सौरभ कुमार रायपुर विकास प्राधिकरण के सीईओ प्रतीक जैन, अतिरिक्त सीईओ शिम्मी नाहिद सहित प्राधिकरण के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

- देश दुनिया से कोई भी भारतीय नागरिक खरीद सकेगा प्राधिकरण में प्रापर्टी

## पेज 9 के शेष

### कुंभ का किराया ....

को प्रयागराज जाने 6400 रुपए देने होंगे। 14 जनवरी का किराया 8500 रुपए, 20 जनवरी का किराया 16000 रुपए और 25 जनवरी का किराया 17000 रुपए वर्तमान में है। ट्रेनों की लेटलतीफी और कंफर्म टिकट नहीं हो पाने के कारण बड़ी संख्या में मध्यमवर्ग भी अब वायुमार्ग से ही यातायात करने लगा है।

### अंबिकापुर-बिलासपुर....

ले रहे हैं। किराए में हुई वृद्धि ने लोगों का मोह इन फ्लाट्स से भंग कर दिया है। किसी भी रूट को पर्याप्त मात्रा में यात्री नहीं मिल पा रहे हैं।

### 48 घंटों तक ....

से 27 दिसंबर को उत्तर छत्तीसगढ़ में एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है तथा बस्तर संभाग और उससे लगे जिलों में एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। इन दो दिनों के दौरान प्रदेश में न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

### यह ट्रेन रहेगी ....

बोष इतवारी- रायपुर मेमू पैसेंजर दिनांक 28 एवं 29 दिसम्बर,को रद्द रहेगी।
08279 कोरबा रायपुर पैसेंजर मेमू दिनांक 27 एवं 28 दिसंबर , 2024 को रद्द रहेगी।
08262 रायपुर बिलासपुर पैसेंजर दिनांक 28 एवं 29 दिसंबर, 2024 को रद्द रहेगी।

### 999 रुपए रखा ....

के लिए उपलब्ध है। फ्लाइट का संचालन करने वाली फ्लाई बिग कंपनी की वेबसाइट पर टिकटों की बुकिंग हो रही है। वेबसाइट में बेस प्राइज 999 रुपए की जगह 6 हजार रूपए तक हैं।

*10 साल की लीज पर मत्सय पालन समूह को मिलेगा काम*

# शहर के 70 तालाबों में मछली पालन के लिए होगा ठेका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नगर निगम, शहर के 70 तालाबों में मछली पालन कार्य के लिए मत्सय पालन समूहों को ठेका देगा। बाजार विभाग विभाग ने 10 साल की लीज पर इन तालाबों की सफाई, देखरेख के साथ मछली पालन कार्य के लिए 17 जनवरी तक आवेदन मंगाये हैं। इस कार्य के एवज में नगर निगम को 35 लाख रुपये की कमाई होने की उम्मीद है। राजधानी के बूढ़ातालाब, तेलीबांधा तालाब, कटोरातालाब और कंकाली तालाब को इस ठेके से अलग रखा गया है, क्योंकि इन तालाबों में वाटर रिक्रियेशन का कार्य अनुबंधित एजेंसी के माध्यम से चल रहा है। शहरभर में नगर निगम के रिकार्ड के हिसाब से 226 तालाब हैं, इनमें से 70 तालाबों के रखरखाव और मछली पालन का ठेका अवधि पूरा होने के बाद आगामी 10 साल की लीज के लिए इन तालाबों को मत्सय पालन सहकारी समितियों को प्राथमिकता के आधार पर दिया जायेगा। चयनित समिति लीज की अवधि में तालाब की सफाई कर मछली पालन का काम करेगी। 17 जनवरी तक इसके लिए आवेदन निगम मुख्यालय के बाजार शाखा में जमा कराये जा सकते हैं। निगम मुख्यालय के माध्यम से लिये गये आवेदनों में लीज की राशि और पात्रता का परीक्षण मछली पालन विभाग द्वारा किया जायेगा, जबकि चयनित समूहों से मछली पालन के एवज में मिलने वाली लीज की राशि नगर निगम को मिलेगी।

- नगर निगम को 35 लाख रुपए का मिलेगा राजस्व

बूढ़ातालाब, तेलीबांधा, कटोरातालाब, कंकाली तालाब शामिल



### 4 तालाबों में नहीं होगा मछली पालन ठेका

*अधिकारियों का कहना है कि राजधानी के बूढ़ातालाब, तेलीबांधा तालाब, सिविल लाइन क्षेत्र स्थित कटोरातालाब और ब्राम्हणपारा वार्ड स्थित प्राचीन कंकाली तालाब में मछली पालन ठेका नहीं होगा।*

### शपथपत्र

मैं, श्रीमती पूनम कुंजाम काण्डे, उम्र 38 वर्ष, पति श्री विकास काण्डे, निवासी-बी-24, शिवम विहार, अमलीडीह, रायपुर तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. की हूँ जो कि शपथपूर्वक निम्न कथन करती हूँ :-

1. यह कि, मेरा नाम एवं पता उपरोक्तानुसार सत्य व सही है।
2. यह कि, पूर्व में मेरा विवाह दिनांक 10.07.2010 को श्री शिवनारायण मांझी, निवासी- न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर छ.ग. के साथ हुआ था तथा मेरा श्री शिवनारायण मांझी से दिनांक 03.03.2022 को विवाह विच्छेद हो चुका है तथा विवाह विच्छेद पश्चात मैंने पुनः दिनांक 12.04.2024 को दूसरा विवाह श्री विकास काण्डे के साथ कर ली हूँ ।
3. यह कि मैं विवाह पूर्व कु. पूनम कुंजाम पिता श्री रामगोपाल कुंजाम के नाम से जानी व पहचानी जाती थी तथा यही नाम मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में अंकित व उल्लेखित है तथा विवाह पश्चात मैं पूनम मांझी के नाम से जानी व पहचानी जाती थी जो कि मेरे शासकीय अर्धशासकीय दस्तावेजों में अंकित है तथा मेरा पूर्व पति से तलाक हो तलाक हो चुका है जिसके पश्चात मैंने दूसरा विवाह कर ली हूँ एवं वर्तमान में मैं श्रीमती पूनम कुंजाम काण्डे पति श्री विकास काण्डे के नाम से जानी व पहचानी जाती हूँ।'
4. यह कि, मैं वर्तमान में श्रीमती पूनम कुंजाम काण्डे, पति श्री विकास काण्डे, निवासी- बी-24, शिवम विहार, अमलीडीह, रायपुर तहसील व जिला - रायपुर छ.ग. यही नाम अपने समस्त आधार कार्ड, शैक्षणिक प्रमाण पत्रों, शासकीय, अर्धशासकीय, आदि दस्तावेजों में अंकित व उल्लेखित एवं उत्बोधित किया जावे जिस हेतु यह शपथपत्र संबंधित अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूँ।

शपथकर्ती

**सत्यापन**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करती हूँ कि शपथपत्र की कंडिका क्रमांक 1 से 4 तक में कथन मेरे ज्ञान से सत्य व सही है। आज दिनांक को अपना हस्ताक्षकर कर सत्यापित किया।
रायपुर छ.ग.
दिनांक - 23.12.2024
पूनम
शपथकर्ती

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि द्वारा दीनदयाल आवास योजना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.), में स्वतंत्र भवन क्रमांक **एल.आई.जी. - 349**, को **श्री मनीष कुमार गुप्ता पिता श्री मनमोहन गुप्ता**, के नाम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 19.06.2015 को लीजडीड (पट्टा - विलेख) का निष्पादन करा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान **श्री मनीष कुमार गुप्ता पिता श्री मनमोहन गुप्ता**, निवासीः- ग्राम बैहार पोस्ट रसनी थाना व तहसील आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को **श्रीमती शोभा माहूरकर पति श्री कृष्ण कुमार माहूरकर,** निवासीः- ग्राम व पोस्ट अमई थाना रामपायनी तह. कटंगी जिला बालाघाट (म.प्र.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः दीनदयाल आवास योजना आरंग जिला रायपुर में स्वतंत्र भवन क्रमांक **एल.आई.जी. - 349** के विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय / अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा ।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना नवा रायपुर अटल नगर जिला-रायपुर(छ.ग.)**

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रायपुर (छ.ग.)

### उपस्थिति हेतु सूचना

**राजस्व अपील प्रकरण क्रमांक 202410111000744/अ-6/ 2024-25**

**प्रति**
**भोलानाथ पिता गणपति**
**निवासी पुरानीबस्ती रायपुर तहसील व जिला रायपुर**

इस न्यायालय के विचाराधीन प्रकरण क्रमांक 202410111000744 / अ-9 / वर्ष 2024-25 ग्राम - खमतराई, प.ह.नं. 38 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि परिवर्तित भूमि शीट नं. 21 प्लाट नं. 8/1 खसरा नं. 512 का भाग रकबा 0.36 हे. अर्थात 91 डिसमिल में से 1500 वर्गफुट भूमि के संबंध में अपीलार्थी रामजी शर्मा पिता स्व. रामअधार शर्मा निवासी- खमतराई रायपुर तहसील व जिला रायपुर द्वारा अपील प्रस्तुत किया गया है, जिसकी सुनवाई में आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। अतः आप सुनवाई दिनांक 06/01/2025 को समय 03:00 बजे अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। उक्त नियत सुनवाई तिथि में अनुपस्थित रहने पर आपके विरूद्ध प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

न्यायालय की मुद्रा से आज दिनांक 13/12/2024 को जारी किया गया।

मुहर
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रायपुर (छ.ग.)**

### आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ऋषिकांत शर्मा उम्र 32 वर्ष पिता श्री रमाकांत शर्मा निवासी- ब्लॉक नं. 15 फ्लैट नं. 346 फ्लोर नं. 03 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, खम्हारडीह शंकर नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा विक्रेता / भूमिस्वामी श्रीमती रूकसाना परवीन पति श्री मोहम्मद जावेद निवासी मकान नं. 603 से 03 न्यू राजेन्द्र नगर अमलीडीह रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के हक, हित, स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि जो कि मौजा ग्राम अमलीडीह प.ह.नं. 114/45 नया प.ह.नं. 00069 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला - रायपुर छ.ग. स्थित भूमि जिसका खसरा नम्बर 224/108 रकबा 20 बाई 40 यानि 800 वर्गफुट भूमि को क्रय करने के लिए सौदा तय कर लिया है और शीघ्र ही विक्रय विलेख पंजीयन का निष्पादन करवा लिया जावेगा।

यदि उक्त वर्णित भूमि के संबंध में उपरोक्त संव्यवहार अथवा किसी अन्य कारण से किसी भी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, शासकीय या अर्धशासकीय निकाय बैंक इत्यादी को किसी भी प्रकार से उज्जर या आपत्ति हो तो इस सुचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मय सुसंगत दस्तावेज मेरे समक्ष प्रस्तुत कर पावती प्राप्त करें, ताकि उक्त भूमि का उचित निराकरण किया जा सके। निर्धारित समयाविधि के पश्चात प्रस्तुत की गई आपत्ति / दावा प्रभावहीन एवं शन्य होगा तथा मेरा पक्षकार स्वतंत्र होगा और वह अपने पक्ष में उपरोक्त वर्णित भूमि का विक्रय विलेख पंजीयन करा लेवेगा।

सो सूचना जाने।
स्थान- रायपुर छ.ग.
दिनांक 26.12.2024

**दिलीप साहू, डी.पी. साहू**
**(अधिवक्तागण)**
**सिविल कोर्ट रायपुर बार रूम नं. 102, टेबल नं. 11, मो. 9691162916**

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सड़क घेरकर लगाए थे एंगल, निगम ने हटाए

**रायपुर।** जोन 4 नगर निवेश विभाग और मुख्यालय उड़नदस्ता टीम ने बैजनाथपारा मुख्य मार्ग पर दुकानदारों द्वारा बिना अनुमति लगाए गए 25 एंगल हटा दिए। सड़क यातायात बाधित कर रहे एंगल अभियान चलाकर हटाने टीम ने तत्परता दिखाई। इसी तरह जोन 3 अमले ने शहीद भगत सिंह चौक से बीटीआई ग्राउंड शंकरनगर तक बिना अनुमति व्यवसाय कर रहे 50 ठेले व खोमचे हटाकर सुगम आवागमन की राह आसान की।

### निगम आयुक्त ने ली समीक्षा बैठक, दिए निर्देश

**रायपुर।** गांधी सदन में नगर निगम आयुक्त ने गुरुवार को निगम के अधिकारियों की मौजूदगी मे समीक्षा बैठक रखी। इस मौके पर उन्होंने सफाई, पेयजल और सड़क बत्ती के कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान सभी जोन कमिश्नरों को शहर की सफाई व्यवस्था की नियमित मानिटरिंग करने और स्वच्छता सर्वेक्षण-2024 की तैयारियों को प्रमुखता से कराए जाने की हिदायत दी।

### मठपुरैना बाड़ापारा में मड़ई मेला 2 को

**रायपुर।** जय बजरंग अखाड़ा समिति द्वारा शहीद चंद्रशेखर आजाद वार्ड में बाड़ापारा मठपुरैना में 2 जनवरी को मड़ई मेला और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल मुख्य अतिथि, रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी विशिष्ट अतिथि होंगे। इसके साथ ही समाजसेवक मनोज गोयल, वार्ड पार्षद सावित्री-जयमोहन साहू, पूर्व पार्षद यशोदा-कमल साहू, परदेशी राम विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। 2 जनवरी रात्रि में मोर पिरोहित संस्था का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम मड़ई मेला स्थल पर आकर्षण का केंद्र रहेगा।

# बीएड अभ्यर्थी आज कराएंगे मुंडन, कोर्ट में शीतकालीन अवकाश, डीएलएड सूची जनवरी में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

शिक्षक भर्ती मामले में धरना-प्रदर्शन कर रहे बीएड अभ्यर्थी शुक्रवार को अपना मुंडन कराएंगे। ना केवल पुरुष, बल्कि बड़ी संख्या में महिला अभ्यर्थी भी अपना मुंडन कराएंगी। इसके पूर्व 10 दिसंबर को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने शासन को डीएलएड अभ्यर्थियों की चयन सूची जारी करने 14 दिनों का समय दिया था।

न्यायालय में फिलहाल शीतकालीन अवकाश चल रहा है। दिन की गिनती कार्यालयीन दिवस के आधार पर की जाती है। इसके अनुसार, शासन को दिया गया 2 सप्ताह का समय 14 जनवरी को समाप्त होगा। ऐसे में डीएलएड अभ्यर्थियों की चयन सूची जनवरी में जारी होने की संभावना है।

गौरतलब है कि 14 दिसंबर को अंबिकापुर से रायपुर तक पैदल अनुनय यात्रा शुरू की गई थी, जो रायपुर पहुंचने के बाद 19 दिसंबर से धरने में बदल गई। इस दौरान शिक्षकों ने सरकार और जनप्रतिनिधियों को अपनी पीड़ा सुनाने के लिए आमंत्रण पत्र भी भेजे, लेकिन अब तक सरकार की ओर से कोई ठोस आश्वासन नहीं दिया गया है। बीते 8 दिनों से वे माना-तूता स्थित धरना स्थल में डटे हुए हैं।

### कार्यालयीन दिवस गणना के अनुसार 14 जनवरी को समाप्त होगा समय



■ 10 दिसंबर को न्यायालय ने सरकार को दिया था दो सप्ताह का समय

#### हमने शर्तों का किया पालन

धरना स्थल पर बैठे हुए बीएड डिग्रीधारी सहायक शिक्षकों ने कहा, हमने सरकार की शर्तों का पालन कर बीएड की पढ़ाई पूरी की, पात्रता परीक्षा पास की, और बच्चों को शिक्षा देने का काम शुरू किया। अब हमारी योग्यता को ही अमान्य ठहराया जा रहा है। शिक्षकों का भविष्य इस तरह असुरक्षित रहना चिंतनीय है। शिक्षकों ने स्पष्ट किया है कि जब तक सरकार उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लेती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

#### न्याय की अंतिम पुकार

इस आंदोलन में पुरुष शिक्षकों के साथ-साथ महिला शिक्षिकाएं भी अपनी पहचान और आत्मसम्मान का बलिदान देने को तैयार हैं। शिक्षिकाओं का कहना है कि यह कदम उनके संघर्ष की गंभीरता को दर्शाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह केवल बालों का त्याग नहीं, बल्कि उनके भविष्य के लिए एक गहरी पीड़ा और न्याय की आवाज है। शिक्षकों ने इस मुंडन को 'न्याय की अंतिम पुकार' नाम दिया है।

### पटवारियों के ऑनलाइन काम के बहिष्कार से बढ़ी लोगों की परेशानी

# ऑनलाइन काम ठप, नामांतरण के तीन हजार से अधिक प्रकरण पेंडिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

पटवारियों के ऑनलाइन काम का बहिष्कार किए जाने के कारण तहसील कार्यालयों में राजस्व संबंधी कामकाज पूरी तरह से ठप पड़ा हुआ है। अपनी मांगों को मनवाने के लिए प्रदेशभर के पटवारियों ने 16 दिसंबर से ऑनलाइन काम करना बंद कर दिया है, जिसके कारण लोगों के राजस्व संबंधी काम भी हो नहीं पा रहे हैं। रायपुर जिले में पटवारियों द्वारा ऑनलाइन काम नहीं किए जाने के कारण नामांतरण के तीन हजार से अधिक प्रकरण पेंडिंग हैं, जिसमें पिछले सात दिनों में 1202 नए प्रकरण भी शामिल हैं। गुरुवार को भी करीब सौ से डेढ़ के बीच रजिस्ट्री हुई है।

इस तरह यह आंकड़ा और ज्यादा जा सकता है। इधर नामांतरण के अलावा दुरुस्तीकरण के भी एक हजार से ज्यादा प्रकरण लंबित हैं। हरिभूमि ने गुरुवार को पटवारियों के ऑनलाइन काम के बहिष्कार किए जाने से तहसील कार्यालय में कामकाज कितना प्रभावित हो रहा है, इसकी पड़ताल की। इससे पता चला कि नामांतरण और दुरुस्तीकरण का काम पूरी तरह से ठप पड़ा हुआ है, पर न्यायालयीन प्रकरणों में सुनवाई पर इसका प्रभाव नहीं पड़ा है। न्यायालयीन प्रकरणों की सुनवाई भी हो रही है और आदेश भी जारी किया जा रहा है, लेकिन आदेश की एंट्री फिलहाल मैनुअल की जा रही है, ऑनलाइन नहीं।





*90 दिन के अंदर करना होता है नामांतरण*

*रजिस्ट्री कराने के बाद नामांतरण 90 दिनों के अंदर करना अनिवार्य है, लेकिन पटवारियों के ऑनलाइन काम का बहिष्कार किए जाने के कारण कई ऐसे प्रकरण भी अटके हुए हैं, जिसकी रजिस्ट्री हुए दो महीने से ज्यादा समय बीत चुका है। पटवारियों का ऑनलाइन काम का बहिष्कार जारी रहा, तो निर्धारित समय-सीमा भी खत्म हो सकती है। हालांकि विभागीय अधिकारियों का कहना है कि समय-सीमा खत्म होने से पहले नामांतरण हो जाएंगे।*



#### तहसील न्यायालयों की सुनवाई जारी, एंट्री सिर्फ मैनुअल

ऑनलाइन काम के बहिष्कार का असर तहसील न्यायालयों की सुनवाई पर नहीं देखा जा रहा है। तहसील न्यायालयों में पेंडिंग और नए आने वाले प्रकरणों पर सुनवाई की जा रही है। तहसीलदारों ने बताया कि पटवारियों के ऑनलाइन काम बंद करने से ऑनलाइन काम प्रभावित तो रहे हैं, लेकिन इसका असर सुनवाई पर नहीं हो रहा हैं, क्योंकि सुनवाई के दौरान भी आदेश जारी हो रहे हैं, तो पटवारी उस आदेश की मैनुअल एंट्री कर रहे हैं, लेकिन ऑनलाइन तभी हो पाएगी, जब पटवारियों का बहिष्कार समाप्त होगा।

#### हर दिन हो रही सैकड़ों रजिस्ट्री पर नामांतरण एक का भी नहीं

पंजीयन दफ्तर में हर दिन सैकड़ों की संख्या में प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री हो रही है। रजिस्ट्री के बाद पंजीयन विभाग से रजिस्ट्री का डाटा ऑनलाइन तहसील की आईडी में ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिया जा रहा है, जिसके बाद रजिस्ट्री जिसके नाम पर की गई है, उसके नाम पर नामांतरण किया जाता है। यह काम 16 तारीख से बंद है। पंजीयन दफ्तर में हर दिन सैकड़ों रजिस्ट्री तो रही है, पर नामांतरण का काम नहीं हो पा रहा है, क्योंकि नामांतरण की प्रक्रिया ऑनलाइन होती है। इसके लिए पटवारी का प्रतिवेदन भी जरूरी है, लेकिन ऑनलाइन का काम बंद होने के कारण पटवारी प्रतिवेदन भी नहीं दे रहे हैं, जिससे नामांतरण भी नहीं हो पा रहे हैं।

#### सुनवाई जारी, आदेश की ऑनलाइन एंट्री नहीं

पटवारियों के ऑनलाइन काम के बहिष्कार से डिजिटल साइन से लेकर अन्य ऑनलाइन काम प्रभावित हो रहे हैं, लेकिन इसका असर न्यायालयीन प्रकरणों पर नहीं पड़ा है। सुनवाई लगातार हो रही है। आदेश जारी होने पर उसकी ऑनलाइन एंट्री नहीं हो रही है, पर मैनुअल की जा रही है।

**- पवन कोसमा,** तहसीलदार रायपुर

# महंत का राज्यपाल को पत्र कहा- संविधान का उल्लंघन कर रही भाजपा सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ छत्तीसगढ़ नगर पालिका संशोधन विधेयक पर जताई आपत्ति

छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने राज्यपाल रामेन डेका को पत्र लिखकर विधानसभा के शीतकालीन सत्र में पारित दो विधेयकों को असंवैधानिक बताया है। उन्होंने राज्यपाल से इन पर उचित कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने पत्र में बताया कि 19 दिसंबर को विधानसभा में छत्तीसगढ़ नगर पालिका (संशोधन) विधेयक, 2024 (क्रमांक 11) और छत्तीसगढ़ नगर पालिका (संशोधन) विधेयक, 2024 (क्रमांक 12) पारित किए गए। उन्होंने इन विधेयकों को संविधान के अनुच्छेद 243-प (243-यू) का उल्लंघन करार दिया है।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने राज्यपाल रामेन डेका को लिखे पत्र में बताया कि विपक्ष ने इन दोनों विधेयकों पर विचार-विमर्श से पहले ही इन्हें संविधान के प्रावधानों के खिलाफ बताते हुए आपत्ति दर्ज कराई थी। साथ ही, उच्चतम न्यायालय के निर्णय का हवाला देते हुए इन विधेयकों को सदन में प्रस्तुत न करने की अपील की थी। बावजूद इसके विधेयकों को पारित कर दिया गया।

### रावत जाति को ओबीसी में शामिल करने की मांग



■ आयोग ने की यादव समाज प्रमुखों के साथ बैठक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग से यादव समाज के लोगों ने रावत जाति को भी केंद्रीय पिछड़ा वर्ग की सूची में शामिल करने की मांग की है। आयोग की टीम इसे लेकर महासमुंद जिले के सरायपाली प्रवास पर गई थी, जहां टीम ने समाज के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रावत जाति को लेकर चर्चा की। इस दौरान आयोग ने रावत जाति के लोगों के रहन-बसन, सांस्कृतिक, सामाजिक आदि विभिन्न विषयों पर जानकारी ली। आयोग के सचिव वीरू कुमार साहू ने बताया कि रावत जाति को ओबीसी की सूची में शामिल करने की मांग आई है। इसे लेकर यादव समाज के पदाधिकारियों से बैठक कर चर्चा की गई। बैठक में आयोग की सहायक अनुसंधान अधिकारी अनीता डेकाटे, ओमप्रकाश सिन्हा के अलावा यादव समाज से प्रमुख रूप से ध्रुव मलिक, रथराम यादव, छालोराम यादव, नरेंद्र कुमार यादव, दासरथी यदु, पवन कुमार यादव, दुर्बादल दीप, कृष्णो टाणी, सुरेंद्र भोई, विजय यादव, वीरेंद्र कुमार यादव, राजेंद्र कुमार यादव, भोजराज यादव, दिलीप यादव, जय यादव, संजय यादव, करण यादव सहित अन्य लोग शामिल रहे।

### आरक्षण समाप्त करना चाहती है केंद्र और राज्य सरकार

■ जिला ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने कहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




जिला कांग्रेस कमेटी ने 'संविधान के तहत आरक्षण को खतरा एवं भेदभाव का उन्मूलन- एक प्रमुख संवैधानिक मूल्य' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन धरसींवा ब्लॉक के कूंरा में आयोजित किया। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने कहा, संविधान के तहत प्राप्त आरक्षण को जिस प्रकार से केंद्र और राज्य सरकार समाप्त करना चाहती है। इसका उदाहरण पिछली कांग्रेस सरकार में विभिन्न वर्गों द्वारा आरक्षण को जनगणना के आधार पर विधानसभा में पारित करकर राज्यपाल के पास भेजा गया था, जो अभी तक लंबित पड़ा है। इसी प्रकार से पूरे देश में हालत है। जिस प्रकार से बाबा आंबेडकर को राज्यसभा में अपमानित किया गया है, उससे पूरे देश में लोगों में गुस्सा है। ये पूरे देश में लोगों में भय है कि कभी भी संविधान को समाप्त करने की साजिश की बू आ रही है, आज का दिन कांग्रेस के इतिहास का एवं कांग्रेसजनों के लिए ऐतिहासिक और गर्व का दिन है। आज के ही दिन 100 साल पहले कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने थे।

### निगम में उत्कृष्ट कार्यों के लिए अधिकारियों को मिली शाबासी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने किया सम्मानित

नगर निगम में नवाचार के तरीके अपनाकर आम जनता से जुड़े कार्यों में सहजता लाने के प्रयासों को निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने सराहा है। गुरुवार को गांधी सदन में ऐसे ही चुनिंदा अधिकारियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित करने कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें आईटी एक्सपर्ट रंजीत रंजन को ऑनलाइन संपत्तिकर प्रणाली, फाइनेंस मैनेजमेंट सिस्टम, होर्डिंग मैनेजमेंट सिस्टम और ई चालान प्रणाली के सफल संचालन के लिए सम्मानित किया गया। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने सहायक अभियंता अंशुल शर्मा को फास्ट फोर व्हीलर ई चार्जिंग स्थापना और प्रमुख मार्गों के सौंदर्यीकरण में उनके योगदान के लिए शाबासी दी। इसी तरह स्वच्छ भारत मिशन से जुड़े सहायक अभियंता योगेश कडू को स्वच्छता सर्वेक्षण कार्य, अमृत मिशन के तहत एसटीपी में उपचारित जल आपूर्ति के महत्वपूर्ण कार्यो के लिए सम्मानित किया। श्री मिश्रा ने इन अधिकारियों को प्रतीक चिन्ह देकर उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यो से नगर निगम और स्मार्ट सिटी के कार्यो में महत्वपूर्ण बदलाव आया है।

# महंगा पड़ रहा उत्पादन, इसलिए घट रहा जैविक खेती का रकबा

■ इस साल सिर्फ 21 हजार 942 किसानों ने ही दिखाई रुचि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

राज्य में जैविक खेती का उत्पादन ही नहीं, रकबा भी घट रहा है। सरकारी प्रोत्साहन के बावजूद कई इलाकों में रकबा सिमट गया है। इसकी कई वजह हो सकती है, लेकिन बड़ा कारण समय पर आर्गेनिक खाद, कीटनाशक नहीं मिलना भी है। दरअसल, राज्य के 22 जिलों के एक एक ब्लाक में जैविक खेती का टार्गेट फिक्स किया गया है। पहले के मुकाबले दवाई, कीटनाशक की कीमतों में इजाफा हो चुका है, इस वजह से तय लक्ष्य के अनुरूप सभी तय किसानों को इसे मुहैया नहीं कराया जा रहा। जाहिर है, इसीलिए रकबा कम हो रहा है।

गौरतलब है, आदिवासी बहुल क्षेत्र बस्तर में किसानों को जैविक खेती के लिए प्रोत्साहित करने की पहल साल 2015 में शुरू की गई थी। छत्तीसगढ़ में जैविक फसलों के क्षेत्रफल और उत्पादन, दोनों में गिरावट का सिलसिला जारी है। केंद्र सरकार के ताज़ा आंकड़ों के अनुसार 2022-23 में राज्य में शुद्ध बोए क्षेत्र में से कुल जैविक खेती का क्षेत्रफल 2.7 फीसदी था। कृषि संचालनालय से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में 2014-15 से 2022-23 तक 40 हजार 980 हेक्टेयर रकबा में 65 हजार 395 किसान खेती कर रहे थे। वर्ष 2023-24 में 76 हजार 279 हेक्टेयर रकबा में 38 हजार किसानों ने जैविक खेती शुरुआत की, लेकिन 2024-25 में सिर्फ 12 हजार 200 हेक्टेयर रकबा में 21 हजार 942 किसानों ने इसमें रुचि ली। आंकड़े बताते हैं कि किसानों में जैविक खेती के प्रति रुचि कम होती जा रही है। नए किसान इससे जुड़ नहीं रहे हैं। छत्तीसगढ़ में बस्तर संभाग के चार जिले दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर और गरियाबंद को चुना गया है। इसके अलावा रायगढ़, कोरबा,जांजगीर,बेमेतरा समेत राज्य के 22 जिले के एक-एक विकासखंड में जैविक खेती के लिए जमीन चिंन्हाकित कर किसानों को सरकारी मदद दी जा रही है।

### राज्य के 22 जिलों के एक एक ब्लाक में जैविक खेती का टार्गेट फिक्स किया गया



फाइल फोटो

#### जैविक उत्पादन में आई कमी

2022-23 में राज्य में जैविक प्रमाणीकरण के अंतर्गत कुल क्षेत्रफल लगभग 40,900 हेक्टेयर था। आंकड़ों के अनुसार 2021-22 के मुकाबले इसमें 27.2 फीसदी की कमी आई। छत्तीसगढ़ में 2021-22 के मुकाबले 2022-23 में कुल जैविक उत्पादन में 14.2 फीसदी की कमी आई है।

#### इसलिए घट रही रुचि

आर्गेनिक विटामिन खाद- कीटनाशक इस कदर महंगा है कि सरकारी सप्लाई नहीं होने पर किसान अपने पैसों से इसकी खरीदी नहीं कर पा रहे हैं, जिस वजह से उनके खेत बंजर हो रहे हैं। रेट में भी अनिश्चितता बनी हुई है। खरीफ में जो सरकारी कीटनाशक 100 रुपए में मिल रहा था, वहीं रबी में 200 रुपए में सप्लाई हो रहा है। जाहिर है, रेट बढ़ने से सीमित एरिया में ही इसकी सप्लाई संभव है, इसलिए रकबा छूट रहा है।

## बिजनेस साइट

### स्वावलंबन की राह दिखाते स्वदेशी मेले का आज शुभारंभ करेंगे सीएम साय



**रायपुर।** राजधानी में 27 दिसंबर से 3 जनवरी तक आयोजित स्वदेशी मेला इस बार भी एक बार फिर अपने भव्य स्वरूप में लौट रहा है। स्वदेशी जागरण फाउंडेशन की इकाई भारतीय विपणन विकास केंद्र द्वारा यह मेला इस वर्ष 22वीं बार साइंस कॉलेज मैदान में लगाया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इस मेले का आज संध्या 7 बजे उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता प्रदेश के जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप करेंगे, जबकि विशेष अतिथियों में स्थानीय विधायक एवं पूर्व मंत्री राजेश मूणत और स्वदेशी जागरण मंच मध्य क्षेत्र के संयोजक सुधीर दाते होंगे। मेले में 300 से अधिक स्टॉल लगाए जा रहे हैं, जो विभिन्न राज्यों के उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे, इनमें हैंडीक्रॉफ्ट, लघु उद्योग, टेक्सटाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, हेल्थ सेक्टर सहित अन्य क्षेत्र शामिल हैं। मेला संयोजक प्रवीण मैशेरी ने बताया कि इस मेले में शहरवासियों के लिए आकर्षक फूड स्टॉल और बच्चों के लिए झूले भी लगाए जाएंगे, जिससे मेले का अनुभव और भी मनोरंजक होगा।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

स्वामी जी-93406-38884
10 जनवरी 2025
मकर संक्राति स्पेशल
सारे तीरथ बार बार ... गंगा सागर एक बार
By Train- रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, दशमहाविधा, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहाटी
यात्रा दिनांक
10 जनवरी 2025
19 फरवरी 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,500/-, 3AC-28,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 14,500/
रिजर्वेशन कोच (11 दिन)
08 जनवरी से 18 जनवरी 2025, 19 फरवरी से 01 मार्च 2025
19 मार्च से 29 मार्च 2025, 09 अप्रैल से 19 अप्रैल 2025,
07 मई से 17 मई 2025, 04 जून से 14 जून 2025
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशिः-स्लीपर-14500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें-
7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

हरिभूमि
रायपुर, शुक्रवार 27 दिसंबर 2024
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

### नए साल में न्यू ज्वेलरी डिजाइन

*सन एंड सन ज्वेलर्स के प्रबंधक श्याम सोनी ने न्यू ज्वेलरी डिजाइन और लुक संबंधित जानकारी दी। नए साल में राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड एग्जीबिशन का आयोजन मुंबई के किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी में वेडिंग संबंधित, रिटर्न गिफ्ट, न्यू डिजाइन ज्वेलरी शामिल होने वाली है। प्रदर्शनी के बाद 15-20 जनवरी तक सभी न्यू डिजाइन की ज्वेलरी राजधानी की दुकानों में भी उपलब्ध हो जाएगी। यह न्यू कलेक्शन लोगों के बजट में डिजाइनर ज्वेलरी उपलब्ध कराएगा।*

## एग्जाम अपडेट

### सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा : कक्षा 6वीं और 9वीं में 13 जनवरी तक आवेदन



**रायपुर।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने देशभर के 33 सैनिक स्कूलों में कक्षा 6वीं और 9वीं में एडमिशन के लिए ऑल इंडिया सैनिक स्कूल एंट्रेंस एग्जाम के लिए आवेदन आमंत्रित किए है। इच्छुक छात्र इन आधिकारिक वेबसाइट- exam.nta.ac.in या ais-see.nta.nic.in पर जाकर आवेदन तक सकते हैं। एनटीए ने अभी तक परीक्षा की तारीख जारी नहीं की है। एप्लिकेशन फॉर्म ऑनलाइन जमा करने की आखिरी तारीख 13 जनवरी शाम 5 बजे तक है। वहीं आवेदन शुल्क के भुगतान की आखिरी तारीख 14 जनवरी रात 11.50 बजे है। जनरल केटेगरी के उम्मीदवारों को 800 रुपए आवेदन शुल्क देना होगा, जबकि एससी और एसटी वर्ग के छात्रों को 650 रुपए का भुगतान करना होगा। परीक्षा पेन-एंड-पेपर मोड में आयोजित की जाएगी और देशभर के 190 शहरों में होगी। परीक्षा में मल्टीपल चॉइस प्रश्न पूछे जाएंगे। प्राप्त रैंक के अनुसार ई-काउंसिलिंग से गुजरना होगा। वर्तमान में देशभर में कुल 33 सैनिक स्कूल हैं।

#### ऐसे छात्र भर सकते हैं आवेदन

जो छात्र किसी मान्यता प्राप्त स्कूल में कक्षा 5वीं में पढ़ रहे हैं और 31 मार्च तक उनकी आयु 10 से 12 वर्ष के बीच है, वे आवेदन करने के लिए योग्य हैं। इसके अतिरिक्त जिन छात्रों ने किसी मान्यता प्राप्त स्कूल से कक्षा 8वीं की परीक्षा पास की है और 31 मार्च तक उनकी आयु 13 से 15 वर्ष के बीच है, वे भी आवेदन कर सकते हैं। क्वालीफाई करने के लिए छात्रों की जन्म तारीख 1 अप्रैल 2010 और 31 मार्च 2012 के बीच होनी चाहिए। बच्चों ने हर साल सैनिक स्कूल में पढ़ाई को लेकर उत्साह रहता है। देश भर से प्रति वर्ष हजारों की संख्या में प्रतिभागी एग्जाम देते हैं। छत्तीसगढ़ से भी बच्चों की पसंद सैनिक स्कूल बन चुकी है।

## नए साल को लेकर बाजारों में फैशन और डिजाइन का आया नया कलेक्शन

# नया साल, फैशन का नया ट्रेंड... साड़ी- लहंगे के साथ ज्वेलरी की मैचिंग, कम बजट में हैवी और जड़ाऊ गहने

*नए साल पर नया ट्रेंड मार्केट में आने वाला है। पहले माह जनवरी से ही फैशन, इलेक्ट्रॉनिक मॉडल, फिल्म और ज्वेलरी में न्यू कलेक्शन देखने को मिलेगा। साल की शुरुआत से ही लोग अपने फैशन को लेकर एक्टिव रहेंगे, जो नए डिजाइनर वस्तुएं खरीदना पसंद करने वाले है। साल 2024 की शुरुआत से ही लोगों में फैशन को लेकर अपनी अलग पसंद देखने को मिली। साथ ही अब दुकानों में साल खत्म होने से पहले ही नई वस्तुओं की डिमांड की जा रही है।*



**रायपुर।** इस वर्ष सबसे अधिक कपड़े के फैशन को लेकर लोगों में रुझान देखने को मिला है, जिसमें लोग न्यू लुक और डिजाइनर ड्रेस की खरीदी किए। इन दिनों फिल्मी कलाकारों की तरह परफेक्ट फैशन लुक ब्राइड और ग्रूम की पहली पसंद है। शादी सीजन से पहले बाजारों में डिजाइनर और नए फीचर्स के साथ मिलने वाला है।



#### हैंडलूम कपड़ों की डिमांड

सत्यम शिवम सुंदरम के संचालक मयूर वाधवानी ने बताया, इस वर्ष भारतीय परिधानों की लोकप्रियता अधिक देखने को मिली। इसमें बनारसी और ऑर्गेंजा साड़ी की डिमांड सबसे अधिक रही, जो आने वाले साल में भी रहने वाली है। हैंडलूम से तैयार जरी, आरी-तारी, स्टोन वर्क वाले लहंगे की लोकप्रियता अधिक रही। नए साल पर हैंडलूम कपड़ों के साथ रंगों पर भी अधिक ध्यान दिया जाएगा। खरीदार वेस्टर्न लुक में वर्क वाले जैकेट और प्लाजो पहनना पसंद कर रहे। वेडिंग सीजन के लिए वेस्टर्न और इंडियन वेयर में न्यू कलेक्शन देखने को मिलेगा।

#### सैमसंग और ओप्पो के नए मोबाइल लॉन्च

पूजा मोबाइल दुकान के संचालक अंकित गुप्ता के अनुसार, नए साल पर सैमसंग और ओप्पो नए मोबाइल फोन लॉन्च करने वाली हैं। 5जी मॉडल में 8 जनवरी को ओप्पो रेनो 13प्रो-सीरीज लॉन्च होने जा रही, इसकी कीमत 15000 रुपए है। कंपनी के अनुसार यह फोन वॉटरप्रूफ है। साथ ही 20 जनवरी को सैमसंग गैलेक्सी एस-25 अल्ट्रा की लांचिंग होगी, इसके न्यू फीचर और कैमरा क्वालिटी बेस्ट हैं। नए साल पर कम कीमत पर ही अनेक फीचर वाले मोबाइल बाजार में देखने को मिलेंगे, जो लोगों के बजट में होंगे।



#### रामचरण की गेम चेंजर फिल्म 10 को रिलीज

मिराज मल्टीप्लेक्स के संचालक मनीष कुमार देवांगन ने बताया, साउथ फिल्म का हिंदी डबिंग फिल्म आने वाली है। जनवरी माह में साउथ सेंसेशन रामचरण कि फिल्म 'गेम चेंजर' 10 जनवरी को पर्दे पर नजर आएगी। एक्शन थ्रिलर फिल्म 'फतेह' जिसे सोनू सूद के निर्देशन में तैयार किया जा रहा है, आखिर में 'आजाद' फिल्म सिनेमाघरों में देखने को मिलेगी। छॉलीवुड में 24 जनवरी को दंतेला और टीना-टप्पर रिलीज हो रही है। निर्देशक मनोज वर्मा के निर्देशन में तैयार सुकवा फिल्म 10 जनवरी को देखने को मिलेगी।

## सिटी इवेंट

### सांप्रदायिक ताकतों से निपटने का दिया मंत्र, जमकर कसे तंज



**रायपुर।** जनसंगठनों के संयुक्त मंच द्वारा बृहस्पतिवार को लेखक-वक्ता तथा सेंटर फॉर स्टडी ऑफ सोसाइटी एंड सेक्युलरिज्म की कार्यकारी परिषद के अध्यक्ष प्रो. राम पुनियानी का सम्मान एवं व्याख्यान समारोह आयोजित किया गया। इसका आयोजन शांति, साहित्य-कला, नाट्य, संस्कृति, वकीलों और मजदूरों-कर्मचारियों जैसे समाज के विभिन्न तबकों के जनसंगठनों के संयुक्त मंच द्वारा सिविल लाइंस के निजी होटल में किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय शांति एवं एकजुटता संगठन के महासचिव अरुणकांत शुक्ला ने की। शुरुआत 'ढाई आखर प्रेम' नाटक की प्रस्तुति से हुई, जिसमें नाटककार देवनारायण साहू ने अपनी प्रस्तुति से सबका दिल जीत लिया। 20 मिनट अवधि वाले इस नाटक का केंद्रबिंदु गरीब, मजदूर व किसानों की समस्याएं रहीं।

#### आज समाज में बुराइयां हावी

प्रो. राम पुनियानी ने अपने व्याख्यान में व्यंग्यात्मक तरीके से वर्तमान केंद्र सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि धर्म खतरे में पड़ने वाली कोई वस्तु ही नहीं है। वास्तव में जो हमें धर्म का डर दिखा रहे हैं, वे इसके सहारे हमेशा सिंहासन पर बने रहने की फिराक में हैं। विशिष्ट अतिथि सत्यनारायण शर्मा ने भी प्रो. पुनियानी की बातों पर सहमति जताते हुए कहा कि आज नफरत, द्वेष, कटुता, लोभ जैसी बुराइयां समाज में हावी हो गई हैं। आलम ये है कि स्थिति काबू से बाहर है। वे आगे कहते हैं कि जो ताकतें लगातार कटुता व नफरत का माहौल बना रही हैं, उन्हें पहचान कर उनसे मुकाबला करना है। सबसे जरूरी बात हम संवादहीन होते जा रहे हैं। हमने विचारों का आदान-प्रदान करना बंद कर दिया है। अखिल भारतीय शांति एवं एकजुटता संगठन के महासचिव अरुणकांत शुक्ला ने कहा कि हिटलर के समय में उसकी प्रजा भी अधिकतर उसकी हां में हां मिलाती थी। हिटलर और जर्मनी का अंजाम क्या हुआ, इतिहास किसी से छिपा नहीं है।

### जीवन में तुलसी पौधे का जाना महत्व, आरोग्यता का मांगा आशीर्वाद

**रायपुर।** बोरियाखुर्द स्थित 'वेदाचार्य द क्रिएशन वर्ल्ड एकेडमी स्कूल' में नववर्ष के स्वागत के लिए तुलसी पूजन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रमुख किशोर सिन्हा एवं सभी विद्यार्थी व शिक्षक उपस्थित रहे। सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने माता तुलसी की पूजा-अर्चना की। साथ ही बच्चों के लिए आरोग्य, बल, बुद्धि, ज्ञान और विद्या का आशीर्वाद मांगा। इसके पश्चात बच्चों ने भी माता तुलसी को देवी मानकर विधिवत पूजा-अर्चना कर उनसे सबके लिए आरोग्यता का आशीर्वाद मांगा।



# बुजुर्गों ने मनमौजी अंदाज में किया डांस

## गाया- बोल राधा बोल संगम होगा कि नहीं

**रायपुर।** बचपन का दूसरा रूप वृद्धावस्था है, इसमें बच्चों की तरह बुजुर्गों की सेवा करनी पड़ती है। बढ़ती उम्र के साथ ही बड़े भी बच्चों की तरह चंचल, मनमौजी और बात-बात पर रूठ जाने वाले स्वभाव के दौर में होते हैं। ऐसे में घर के अन्य सदस्यों की जिम्मेदारी उनका ख्याल रखना होता है। वर्तमान में युवा पीढ़ी बुजुर्गों की सेवा करने के बदले उन्हें वृद्धाश्रम में छोड़ना पसंद कर रही हैं। जो अपने माता-पिता और बुजुर्गों को सड़कों और वृद्धाश्रमों में छोड़ रहे है, ऐसे बेजार बुजुर्गों के चेहरे पर मुस्कान लाने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान रोटरी क्लब ऑफ एलिगेंस की महिलाओं ने आश्रम पहुंचकर वृद्धजनों के साथ क्रिसमस डे सेलिब्रेट किया।



***है अपना दिल तो आवारा :*** *कार्यक्रम के दौरान बुजुर्गों को अपने मनपसंद गीत गुनगुनाए और मस्ती भरे अंदाज में डांस करते दिखे। बोल राधा बोल संगम होगा कि नहीं, आजा रे मेरे साथी...है अपना दिल तो आवारा...जैसे गानों पर बुजुर्गों ने प्रस्तुति दी। इस अवसर पर वृद्धाश्रम की सचिव ममता शर्मा ने कहा, संस्थान में अधिकांश बुजुर्गों के बच्चों ने उन्हें छोड़ा है। संस्थान में वृद्धों की सेवा बच्चों की तरह की जाती है, जिससे वे अपने बीते समय के दुख को भुला सकें।*





# सुशासन दिवस : अटलजी की कविताओं ने किया मंत्रमुग्ध

**रायपुर।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर सुशासन दिवस के अवसर पर जनसंपर्क विभाग द्वारा रायपुर के नालंदा परिसर में दो दिवसीय प्रदर्शनी आज से लगाई गई है।

प्रदर्शनी स्थल पर में अटल1जी की कविताएं एलईडी लाइट एण्ड साउंड के माध्यम से प्रदर्शित की गईं। अटलजी की मधुर और ओजस्वी वाणी से कविताएं लोगों को मंत्रमुग्ध करती रहीं। स्व. बाजपेयी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित आकर्षक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में उनकी छत्तीसगढ़ से जुड़ी स्मृतियों के साथ-साथ केंद्र सरकार एवं छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं की जानकारी लोगों को मिल रही है।

## मंदिर और गोशाला में कपल्स करा रहे प्री-वेडिंग शूट

# कई समाजों में प्री-वेडिंग पर प्रतिबंध, अब भारतीय संस्कृति पर फोटो और वीडियोग्रॉफी



**कार्नर न्यूज**

**शादी सीजन के बीच कपल्स विवाह की यादों को यादगार बनाने के लिए प्री-वेडिंग शूट करा रहे हैं। कई समाज ने प्री-वेडिंग शूट पर प्रतिबंध लगा दिया है, जिसके बाद शहर में फोटो और वीडियो शूटिंग का ट्रेंड भी बदल गया है। अब बड़ी संख्या में लोग रोमांटिक थीम के बजाय भारतीय संस्कृति पर मंदिर और गोशाला में प्री-वेडिंग शूट करा रहे हैं, जिसमें हिंदू संस्कृति की झलक देखने को मिल रही है। हिल स्टेशन व समुद्री बीच पर शूट कराने की मांग घट गई है।**

**रायपुर।** कपल्स सिरपुर, भोरमदेव समेत प्रदेश के अन्य हेरिटेज जगहों पर शूट के लिए पहुंच रहे हैं। हरिभूमि ने वेडिंग शूट करने वाले प्रोफेशनल फोटोग्रॉफर से बातचीत की। उन्होंने बताया कि कपल्स नए ट्रेंड में अब भारतीय संस्कृति के परिधान में प्री-वेडिंग शूट करा रहे हैं। शहर की पुरानी बिल्डिंग और मंदिरों में फोटो-वीडियो शूट किए जा रहे हैं। कपल्स के लिए नवा रायपुर और एयरपोर्ट पहली पसंद बनी हुई है।



#### फिल्मों की तर्ज पर करा रहे शूटिंग

शहर में अब लोग फिल्मों के तर्ज पर वीडियो शूटिंग करा रहे हैं। फोटोग्रॉफर कुणाल रंजन ने बताया कि लव मैरिज करने वाले कपल्स अपनी पहली मुलाकात से लेकर शादी तक की कहानी पर शॉर्ट फिल्म बना रहे हैं। इसके लिए स्कूल, कॉलेज और ऑफिस के साथ घरों में वीडियो शूट किया जा रहा है। इस तरह के वीडियो में कपल्स कहां मिले, कैसे प्यार और इकरार हुआ, पैरेंट्स कैसे तैयार हुए, यह सब शूट किया जा रहा है। यह वीडियो 15 से 20 मिनट का होता है, जिसके बैकग्राउंड में गाने होते हैं। कुछ कपल्स उन जगहों पर फोटो शूट करा रहे हैं, जहां पहली मुलाकात हुई थी और प्यार का इजहार किया था। इस साल ज्यादातर कपल्स नए ट्रेंड के साथ प्री-वेडिंग फोटो व वीडियो शूट करा रहे हैं।

#### ग्रामीण जनजीवन पर वेडिंग शूट

शहर की गोशाला और मंदिरों में अनुमति लेकर कपल्स पारंपरिक परिधान के साथ धार्मिक थीम में प्री-वेडिंग शूट करा रहे हैं। इसके लिए कई कपल्स शहर के आउटर मंदिर के अलावा सिरपुर हेरिटेज में पहुंच रहे हैं। जहां फोटो शूट कराने पर किसी को दिक्कत न हो। फोटोग्रॉफर संजय वैष्णव ने बताया, जिन समाजों में प्री-वेडिंग शूट प्रतिबंध कर दिया गया है, वहां कपल्स हिंदू परंपरा थीम पर गोसेवा, बेटी बचाओ जैसे संदेश अपने वेडिंग शूट से दे रहे हैं। शहर के ज्यादातर कपल्स से पुराने किले और गांव की गलियों में छत्तीसगढ़ी परिधान में शूट कराने की मांग मिल रही है। गांव के जनजीवन पर वेडिंग शूट पहली पसंद बनी हुई है।

## कैंपस लाइव

# युवा कलाकारों ने पेश किया भारतीय शास्त्रीय नृत्य



**रायपुर।** शास्त्रीय नृत्य के अनेक रूप मंच के माध्यम से युवा कलाकारों ने प्रस्तुत किए। तीन दिवसीय कार्यक्रम में युवाओं द्वारा भारतीय संस्कृति का प्रतिनिधित्व करते हुए अनोखे अंदाज में नृत्य का मंचन किया गया। शिवोम विद्यापीठ संस्थान द्वारा नृत्य, गायन एवं कला महोत्सव का आयोजन किया गया है। 'शिवोम शिवांजलि' थीम पर आयोजित महोत्सव का समापन 28 दिसंबर शनिवार को होगा।

**शिवोम शिवांजलि का शुभारंभ :** कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत के शास्त्रीय नृत्य रूपों का एक शानदार प्रदर्शन करना है, जिसमें तीनों शक्तियों के अविस्मरणीय उत्सव में परंपरा, नृत्यकला और भक्ति को खूबसूरती से एक साथ पिरोया गया है। साथ ही गायन और चित्रकला के कलाकारों को भी अभिव्यक्ति कौशल से उत्कृष्ट बनाने का भी प्रयास किया गया। शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि रूपनारायण सिन्हा, विशेष अतिथि लखन और अभिषेक भारद्वाज रहे। उत्सव में विभिन्न शहरों से कलाकार शामिल हुए, इनमें निर्णायक डॉ. राखी राय, तनुश्री चौहान, अरुण गायकवाड़ रहे। साथ ही संस्था के चेयरमैन अवधेश शर्मा, मैनेजिंग डायरेक्टर प्रणव शर्मा व असिस्टेंट डायरेक्टर अशरफ अली ने कार्यक्रम का मार्गदर्शन किया।

### शिवोम नंदी पुरस्कार

तीन दिवसीय महोत्सव में शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति के लिए कलाकार शामिल हुए। इसमें युवा कलाकारों की प्रस्तुति निर्णायकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी रही। इस अवसर पर कलाकारों को शिवोम नंदी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। आयोजन में सब जूनियर, जूनियर और सीनियर केटेगरी में हिस्सा लिया गया, जिसमें युवाओं के साथ महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। समता कॉलोनी स्थित मैक ऑडिटोरियम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां लगभग तीन सौ से अधिक प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।

## सिटी लाइव

# एक दशक बाद दोस्तों से मुलाकात पुरानी यादों की सजी महफिल



**रायपुर।** स्नेह मिलन समारोह में अपने पुराने दोस्तों को देख आंखें भर आईं। इस दौरान सभी अपने पुराने दिनों को याद करते रहे। विद्यार्थी जीवन सभी के लिए खास होता है, जहां दोस्तों के साथ बिताया वक्त जीवन में यादगार रह जाता है। समारोह में सौ से अधिक भूतपूर्व छात्रों की उपस्थिति रही, जिन्होंने अपने संबोधन में अपने कॉलेज की यादों को साझा किया।

### भूतपूर्व छात्रों का स्नेह मिलन समारोह

जीएच रायसोनी नेशनल कॉलेज में 'स्नेह मिलन समारोह' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डीएड के पूर्व छात्रों एवं प्राध्यापकों को आमंत्रित किया गया। विधानसभा रोड स्थित निजी होटल में कार्यक्रम में साल 2009 से 2016 के सदस्य शामिल हुए। समारोह में कॉलेज के पूर्व प्राध्यापक डॉ. वीरेंद्र कुमार साहू, डॉ. माया सोनकर, राजेंद्र प्रेमी, नमिता साहू, एल. पद्मा, पूर्व कार्यालय सहयोगी शैलेंद्र श्रीवास मुख्य अतिथि स्वरूप उपस्थित हुए। महाविद्यालय से धर्मेंद्र साहू, विजय कुमार सिन्हा, भास्कर दीन साहू, विजय कुमार साहू, अजय कुमार साहू, डामेंद्र कुमार देवांगन, पूरनलाल साहू, गोपाल चंद्राकर, कुलेश्वर साहू, कविता साव, गिरिजा साहू, सुषील चंद्रवंशी, मोनिका कन्नौजे उपस्थित रहे।

## लाइव इवेंट

# राजभवन परिवार के 16 सदस्यों समेत 237 लोगों ने किया रक्तदान



**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका की पहल पर राजभवन में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर आयोजित दो दिवसीय रक्त दान शिविर एवं स्वास्थ्य शिविर का आज समापन हुआ। षिविर में राजभवन परिवार के 16 सदस्यों ने रक्तदान किया और 237 व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। राज्यपाल डेका ने सभी रक्त दाताओं के इस कार्य की सराहना की और कहा कि रक्त दान महादान है। स्वस्थ व्यक्तियों को अवश्य रक्त दान करना चाहिए।

### विभिन्न रोगों का मिला परामर्श

स्वास्थ्य षिविर में टी.बी. परीक्षण, मेडिसिन, नेत्र रोग, रोग, दंत रोग, स्त्री रोग, चर्म रोग, शिशु रोग, कान-नाक गला विषेषज्ञ, पैथालॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, हड्डी रोग सहित अन्य विभागों के चिकित्सकों ने उपस्थित रहकर राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों एवं परिजनों को चिकित्सा परामर्ष दिया। इस अवसर पर षिविर में डॉ. रूपल पुरोहित, डॉ. अल्पना सक्सेना, डॉ. देवेष रायचा, डॉ. देविका दुबे उपस्थित थे।

## ● राजधानी के कई गुरुद्वारों में कीर्तन जत्थे ने संगत को किया निहाल, समाज ने बांटे कंबल और पौधे

# गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों की कहानी से सजी गुरुवाणी में सुनाई बलिदान की गाथा, कीर्तन भी

गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों की कहानी से ओतप्रोत गुरुवाणी की गूंज सभी गुरुद्वारों में रही। वीर बाल दिवस के मौके पर राजधानी में संगोष्ठी में उनके संघर्ष और वीरता को याद किया गया, इस तरह के आयोजनों का सिलसिला दिनभर चला। इस क्रम में देवेंद्र नगर और पंडरी गुरुद्वारे में मनप्रीत सिंह के साथ रागी जत्थे ने 'सकल देह धन्य हुए जन्मे प्रभ...' का संगीतमय कीर्तन करते हुए संगत को निहाल किया।



**रायपुर।** राजधानी के देवेंद्र नगर और पंडरी गुरुद्वारे में दिनभर भक्तिमय माहौल रहा। इसे भाई मनप्रीत सिंह और उनके साथ संगत करते हुए रागी जत्थे द्वारा लोगों के बीच गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों के प्रसंग को कीर्तन के माध्यम से संगत के बीच पेश किया। सिख धर्म के लोगों ने गुरुद्वारों में ही नहीं, बल्कि शहर में कई जगह कंबल, फल और पौधों का भी वितरण किया। खालसा स्कूल में भी आयोजन किया। रायपुर मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में वीर बाल दिवस के मौके पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसी तरह आमासिवनी में एक सामाजिक संस्था ने भी भावी पीढ़ी को वीर बाल दिवस के अवसर पर बौद्धिक चर्चा से जोड़ा।

### वितरित किए कंबल और पौधे

गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और दशमेश सेवा सोसायटी द्वारा यह आयोजन किया गया। दोनों आयोजन में इस बार भी अरदास के बाद गुरु का लंगर वितरित किया गया। सोसायटी के प्रीतपाल सिंह होरा, परविंदर सिंह भाटिया, बॉबी होरा, जसबीर सिंह भाटिया ने सुबह 11 बजे सिख संगठन के साथ देवेंद्र नगर में 500 लोगों को कंबल वितरित किए। मनिंदर सिंह मिन्ने, लवली अरोरा, सतिंदर सिंह, रवि भूटानी, दिलेर होरा की सक्रिय भागीदारी रही। वहीं कुलदीप जुनेजा, बंटी गुरुदत्ता ने लोगों को फलदार पौधे भी वितरित किए।

### राहगीरों का पिलाई चाय, बांटे फल

खालसा स्कूल में आयोजित वीर बाल दिवस के दौरान बच्चों के बीच भव्य आयोजन किया गया। इसमें विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष राजवंत सिंह गरेवाल द्वारा सम्मान किया गया। वहीं स्टेशन रोड गुरुद्वारा कमेटी द्वारा राहगीरों को चाय और फल प्रसाद के रूप में बांटे गए। ज्ञानीजी के कार्यक्रम में राज्यपाल और मुख्यमंत्री भी शामिल हुए। मेडिकल कॉलेज के सभागार में इस बार भी संगोष्ठी में अमरजीत सिंह छाबड़ा, सोनू सलूजा, इंद्रजीत गोल्डी, मोनू सलूजा की भागीदारी रही।



### बच्चे पढ़ेंगे बलिदान की कहानी

मुख्यमंत्री श्री साय ने मेडिकल कॉलेज में संगोष्ठी में कहा कि गुरु गोविंद सिंह के वीर साहिबजादों बाबा जोरावर सिंहजी और बाबा फतेह सिंहजी के बलिदान की कहानी छत्तीसगढ़ के स्कूली बच्चों को पढ़ाई जाएगी। वीर साहिबजादों की वीरता की यह कहानी युवाओं को साहस के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित भी करेगी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने वीर साहिबजादों के जीवनी पर आधारित एनिमेटेड फिल्म भी देखी। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता प्रेमशंकर सिदार ने कहा कि भारत एक धर्मपरायण देश है। जब देश में अन्याय बढ़ता है तो महापुरुष रक्षा के लिए खड़े होते हैं। उन्होंने बाबा जोरावर सिंहजी और बाबा फतेह सिंहजी के जीवन प्रसंगों पर प्रकाश डाला। वहीं सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक किरण देव, सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा के साथ मोतीलाल साहू और पूर्णेंदु सक्सेना, पवन साय, परमिंदर सिंह भाटिया, ज्ञानी बाज सिंह शामिल हुए।

### अतिथियों ने गुरुद्वारे में चखा लंगर

मुख्य धार्मिक आयोजन में पंथ के कीर्तनकार भाई मनप्रीत सिंह अपने साथियों के साथ देवेंद्र नगर और पंडरी गुरुद्वारे में हजारों सिख संगत को 'गुरु नाम लेवा से...,' संगत से चार साहेबजादों



की वीर गाथा और शाहदत से जुड़ी कहानी संगीतमय गुरुवाणी के माध्यम से सुनाई। इस संगत में हर वर्ग के लोग शामिल हुए। पंडरी गुरुद्वारे में रात में राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधायक पुरंदर मिश्रा भी आयोजन का हिस्सा बनने के बाद गुरुद्वारे में लंगर भी चखा।

### भाषण स्पर्धा में खुशबू अव्वल, भूमिका दूसरे और पारूल तीसरे स्थान पर

**रायपुर।** कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में वीर बाल दिवस के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें एमएससी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रथम वर्ष की छात्रा खुशबू वर्मा ने प्रथम, बीएससी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रथम वर्ष की छात्रा भूमिका साहू ने द्वितीय और पारुल जायसवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बल्देव भाई शर्मा ने भाषण प्रतियोगिता में विजयी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

***साहिबजादों की शहादत, सत्य और धर्म के रास्ते चलने की प्रेरणा :*** कार्यक्रम के संयोजक डॉ. नरेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि दसवें सिख गुरु, गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों बाबा जोरावर सिंहजी और बाबा फतेह सिंहजी की शहादत से हमें सत्य और धर्म की राह पर चलने की प्रेरणा मिलती है। डॉ. नृपेंद्र शर्मा ने अपने वक्तव्य में वीरता और साहस के महत्व पर बल देते हुए कहा कि यदि आप वीर और साहसी बनेंगे तो



न केवल अपने जीवन में सफलता प्राप्त करेंगे, बल्कि दूसरों की सहायता भी कर पाएंगे। पूर्व विद्यार्थी बलवंत खन्ना ने कहा कि किसी कार्य में पारंगत होना जितना जरूरी है, उससे ज्यादा बिगड़ी स्थिति को सुधारना है। जीवन में कमियों को दूर करने का कौशल आना बहुत जरूरी है।

## आईएसबीएम विवि का द्वितीय दीक्षांत समारोह

# दीक्षांत समारोह में डिग्री पाकर खिल उठे विद्यार्थियों के चेहरे, राज्यपाल ने सराहा

**रायपुर।** शिक्षा समाज का आधार है, इसलिए हमारा ज्ञान एवं प्रतिबद्धताएं केवल व्यक्तिगत निष्ठा एवं लाभ तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी हमारा कर्तव्य है कि हमारे कार्यों से समाज लाभान्वित हो। उक्त बातें आईएसबीएम विवि के द्वितीय दीक्षांत समारोह में अध्यक्षीय उद्बोधन में राज्यपाल रमेन डेका ने कही। आईएसबीएम विवि का द्वितीय दीक्षांत समारोह गुरुवार को संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य वक्ता अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर में कार्यपालक निदेशक एवं सीईओ लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. अशोक जिंदल रहे। बतौर विशिष्ट अतिथि विधायक रोहित साहू शामिल हुए। राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि आज की परिस्थितियों में सामाजिक दायित्वबोध की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है। विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए हमें शिक्षा, संचार एवं तकनीक को सुदूर ग्रामीण एवं वनांचल में रहने वाले लोगों तक पहुंचाना होगा। इसके बगैर शिक्षा एवं समाज कल्याण के लक्ष्य को पूरा नहीं किया जा सकता।

### चिकित्सा विज्ञान और शिक्षा समाज के लिए ज़रूरी



मुख्य वक्ता अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर में कार्यपालक निदेशक एवं सीईओ लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. अशोक जिंदल ने कहा कि भारत जैसे अधिक जनसंख्या वाले देश में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार अति आवश्यक है। आज देश तेजी से औद्योगिक क्रांति की ओर बढ़ रहा है। डिजिटलाइजेशन, ऑटोमेशन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों में कुशल मानव संसाधन की आवश्यकता है, जिसे तकनीकी शिक्षा ही पूरा कर सकती है। स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों को ध्यान में रखकर आज देश के कई संस्थान कार्य कर रहे हैं। चिकित्सा विज्ञान एवं शिक्षा समाज के लिए जरूरी है।

### ढाई सौ विद्यार्थियों को उपाधि

विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. विनय एम. अग्रवाल व कुलपति डॉ. आनंद महलवार ने बताया कि विश्वविद्यालय के इस दीक्षांत समारोह में लगभग ढाई सौ विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की गई। अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ के अधिष्ठाता डॉ. एन. कुमार स्वामी ने विद्यावाचस्पति उपाधि देने के लिए नाम की घोषणा की तथा स्वर्ण पदक उपाधि धारकों के नाम की घोषणा मुख्य परीक्षा नियंत्रक डॉ. तनवीर अलाम अंसारी ने की।

# आईटीआई में तृतीय श्रेणी के पदों पर 30 से दस्तावेज सत्यापन

**रायपुर।** राज्य की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में तृतीय श्रेणी के प्रशिक्षण अधिकारियों, छात्रावास अधीक्षक एवं छात्रावास अधीक्षिका की भर्ती के लिए अगले चरण का दस्तावेज सत्यापन 30 दिसंबर से 31 दिसंबर तक शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सड्डू रायपुर में किया जाएगा। 30 दिसम्बर को प्रशिक्षण अधिकारी के इलेक्ट्रिशियन, कंप्यूटर ऑपरेटर एण्ड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट, कारपेंटर, टर्नर एवं फिटर ट्रेड तथा 31 दिसंबर को प्रशिक्षण अधिकारी के ड्राइवर कम मैकेनिक, मशीनिस्ट, मैकेनिक डीजल, मैकेनिक मोटर व्हीकल, वर्कशॉप कैल्कुलेशन एण्ड साइंस एंड इंजीनियरिंग ड्राइंग, वायरमैन, वेल्डर, शीट मेटल वर्कर, सेक्रेटेरियल प्रैक्टिस (अंग्रेजी) एवं सिविंग टेक्नोलॉजी ट्रेड के अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के लिए उपस्थित होना होगा। 31 दिसंबर को छात्रावास अधीक्षक/ छात्रावास अधीक्षिका के अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के लिए उपस्थित होना होगा।

### पूरे दस्तावेज के साथ पहुंचें अभ्यर्थी

अभ्यर्थी दस्तावेज सत्यापन उपरांत अगले दिन दोपहर 12 बजे तक दस्तावेज सत्यापन स्थल पर पंजीयन प्रभारी के पास अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। इस चरण के लिए रिक्त/संभावित-रिक्त पदों के विरुद्ध लगभग दस गुना अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया जा रहा है। दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाये जाने के आधार पर चयन हेतु किसी अभ्यर्थी का कोई दावा नहीं होगा। अभ्यर्थी उक्त चरण के दस्तावेज सत्यापन के लिए अपने अध्यापकीय अनुभव के दौरान प्राप्त किए गए वेतन के बैंक द्वारा सत्यापित स्टेटमेंट सहित अपने समस्त दस्तावेज तैयार रखें। इस चरण के लिए दस्तावेज सत्यापन में बुलाये जाने वाले विभिन्न व्यवसायों के अभ्यर्थियों के कटऑफ अंक व्यापम द्वारा जारी मेरिट के आधार पर पृथक से जारी किए जा रहे हैं। सभी अभ्यर्थी अद्यतन जानकारी निरंतर रोजगार एवं प्रशिक्ष संचालनालय की वेबसाइट **http://cgiti.cgstate.gov.in/** तथा अपने लॉगिन आईडी का नियमित अवलोकन करते रहें।

## सेजबहार में जारी श्री शिव महापुराण में पं. प्रदीप मिश्रा ने कहा- भोलेनाथ ही जगत के पिता

# दिखावे के लिए शिवजी की भक्ति करने से बचें देवालयों में बेझिझक होकर करें जल अर्पित

कार्नर न्यूज

***रायपुर।** जिस तरह से बिना स्वास्थ्य के शरीर का कोई औचित्य नहीं होता, उसी तरह बिना पूजा, भजन-कीर्तन के मनुष्य तन का भी कोई महत्व नहीं है। भगवान ने हमें मनुष्य इसीलिए बनाया है, ताकि शिवजी की भक्ति कर सकें। शिवजी का पूजन कर हर दिन एक लोटा जल चढ़ा सकें। जब भी भोलेनाथ के मंदिर जाएं तो वहां बिना किसी डर व दिखावे के भगवान को जल अर्पित करें। वही जगत के पिता है, इसलिए पिता के घर जाने के बाद उनका पूजन करने से किसी को शर्माने की जरूरत नहीं है। यह बात सेजबहार में जारी श्री शिव महापुराण के तीसरे दिन आचार्य पं. प्रदीप मिश्रा ने श्रोताओं को सजग करते हुए कही।*



### अतिथि और बुजुर्गों की सेवा करे

गुरुवार को दीप जलाकर आयोजन समिति के कमल देवांगन, महंत रामसुंदर दास, देवांगन समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश देवांगन ने कथा का शुभारंभ किया। कथा सुनने ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू और धरसींवा विधायक अनुज शर्मा भी पहुंचे। उनके बीच पं. मिश्रा ने कहा, अतिथि आएं तो उन्हें सम्मान से जल दीजिए। इसके बाद भोजन दीजिए और मीठी वाणी बोलिए। जो सम्मान इस संसार में हम अतिथि और घर में बुजुर्गों को देंगे, वहीं हमारे बुढ़ापे को सुधारेगा। हम जैसे करेंगे, हमारा बच्चा अनुसरण करेगा। इसलिए बुढ़ापे को सुधारना है तो अतिथि और बुजुर्गों का सम्मान करें।



### दुख की घड़ी में कोई नहीं पूछता

दक्ष की पुत्री सती स्वयं के अभियान में भस्म हुई। दुनिया में तीन तरह के लोग होते हैं। इनमें अभिमानी, ज्ञानी और अज्ञानी प्रमुख हैं। अभिमानी वह है, जो केवल अपनी बातों को सही बोलता है। ऐसी ही भावना प्रजापति दक्ष में थी, वह केवल अपनी बातों को सही मानते थे। ज्ञानी सबको बराबर मानते है, सभी को एक भाव से देखते हैं। अज्ञानी वह जो खुद भी मूर्ख होता है और सामने वाले को भी मूर्ख ही समझता है। वह खुद भी गलत होता है, सामने वाले को गलत समझता है। सती को अहंकार था कि उनके घरवाले उन्हें पूछेंगे। जब दुख की घड़ी आती है तो न घरवाले और न बाहरवाले ही पूछते हैं।

## सिटी स्पोर्ट्स

### एनआईसी मंत्रालय और परिवहन विभाग ने दर्ज की शानदार जीत



**रायपुर।** विभागाध्यक्ष राजपत्रित अधिकारी संघ एवं शासकीय कर्मचारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में नवा रायपुर में नवा रायपुर प्रीमियर लीग का आयोजन ग्राम राखी के खेल मैदान में किया जा रहा है। इस आयोजन में संचालनालय,मंत्रालय, निगम,बोर्ड, आयोग के कर्मचारी- अधिकारी हिस्सा ले रहे है। हर मैच को देखने बड़ी संख्या में कर्मचारी-अधिकारी उपस्थित हो रहे है।

नवा रायपुर प्रीमियर लीग के संयोजक कमल वर्मा एवं सहसंयोजक जय कुमार साहू और संतोष कुमार वर्मा ने संयुक्त विज्ञप्ति जारी कर बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों को उनकी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करना है। आज का पहला मैच परिवहन विभाग और राखी थाना के मध्य खेला गया। राखी थाना की ओर से खिलेश ने सर्वाधिक 24 रन बनाकर अपनी टीम को 47 रन तक पहुंचाया। परिवहन विभाग की ओर से अनिल 3 विकेट लेकर घातक गेंदबाजी की। परिवहन विभाग की ओर से अभिनेष ने आकाशीय चौके और छक्के लगाकर 38 रन बनाए। इस तरह परिवहन ने जीत दर्ज की। अनिल को शानदार बॉलिंग के लिए मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

दूसरा मैच आदिम जाति कल्याण एवं पशु चिकित्सा विभाग के मध्य हुआ। पशु चिकित्सा विभाग पहले खेलते हुए निर्धारित ओवर में 55 रन ही बना पाई। जिसमें जगदीप 31 का योगदान रहा। पशु चिकित्सा विभाग की ओर से वीरेंद्र ने तीन विकेट लिया। आदिम जाति कल्याण विभाग की ओर से दीपक ने धुंआधार बैटिंग किया।जिसके बदौलत आदिम जाति कल्याण विभाग 56 रन बनाकर पशु चिकित्सा विभाग को परास्त किया। । इस तरह आदिम जाति कल्याण विभाग ने पशु चिकित्सा विभाग को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। दीपक एक्का को धमाकेदार 30 रन की पारी खेलने के लिए मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। तीसरा मैच एनआईसी मंत्रालय और मार्कफेड 11 के मध्य खेला गया।एनआईसी मंत्रालय ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 86 रन बनाई। जिसमें ध्यान सिंह 39 और सौरभ 12 रन का योगदान रहा। मार्कफेड लक्ष्य को पीछे करते हुए एनआईसी के घातक गेंदबाजी के चलते मात्र 38 रन बनाकर ढेर हो गई। एनआईसी मंत्रालय की ओर से ध्यान सिंह आर्मो ने एक विकेट लिया। इस तरह एनआईसी मंत्रालय ने पहली जीत दर्ज की। एनआईसी मंत्रालय के ध्यान सिंह आर्मो को ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। अंतिम मैच संचालनालय आबकारी विभाग और लॉ मंत्रालय के जोरदार मैच खेला गया। आबकारी विभाग ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 73 रन बनाई।जिसमें आक्रामक बैटिंग करते हुए टीकम ने 22 रन की पारी खेली। आबकारी विभाग के शानदार बॉलिंग एवं क्षेत्ररक्षण के कारण लॉ विभाग मात्र 32 रन में सिमट गई।टीकम ने घातक गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट लिया। आबकारी विभाग के टीकम यादव को ऑल राउंड प्रदर्शन करने पर मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया।

इस आयोजन के दौरान संचालनालय विभागाध्यक्ष कर्मचारी संघ के अध्यक्ष जय कुमार साहू,कार्यकारी अध्यक्ष एवं क्रिकेट प्रतियोगिता के प्रभारी संतोष कुमार वर्मा, राम सागर कौशले, आकाश त्रिपाठी,संजीत शर्मा, जगदीप बजाज,त्रिदीप कमल,लोकेश वर्मा,महेंद्र साहू, सोनाली तिड़के, सुरेश ढीढी,सुरेंद्र मार्कण्डेय, हीरा सिंह, राकेश चंद्राकर,विष्णु पाटेकर,राघव, रमन साहू सहित भारी संख्या में कर्मचारी-अधिकारी उपस्थित रहे।

### जीवतेश,आरिश, रिधान, रोहीन रीना और अमरजीत बने चैम्पियन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पिक्लबॉल संघ (ऑल इंडिया पिक्लबॉल एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त) द्वारा दो दिवसीय राज्य स्तर स्व डॉ आर सी पांडे स्मृति पिक्लबॉल चैम्पियनशिप का आयोजन 25 और 26 दिसम्बर को व्ही आई पी क्लब मे किया गया। छत्तीसगढ़ पिक्लबॉल के महासचिव रूपेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि दो दिवसीय इस प्रतियोगिता के समापन पर राकेश पाण्डेय चेयरमेन वीआईपी क्लब, बास्केटबॉल की इंटरनेशन खिलाड़ी एवं शहीद राजीव पांडे आवार्ड प्राप्त ज्योति सिंह नायब तहसीलदार,टेनिस की पूर्व राज्य विजेता एवं सॉफ्टटेनिस मे शहीद राजीव पांडे अवार्ड प्राप्त आयुषी चौहान ने विजेताओं को पुरसस्कृत किया।

खेले गए फाइनल मुकाबलो के परिणाम में अंडर 12 एकल बालक के फ़ाइनल मुक़ाबले में रिधान गोएनका ने हर्षिल नथानी को 15-14 से शिकस्त देकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। 16 के बालक एकल के फ़ाइनल मुक़ाबले में आरिश अगा चौबे ने हर्ष बराडीया को 15-9 से पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अंडर 16 बालक डबल्स के फ़ाइनल मुक़ाबले में हर्ष और आरिश की जोड़ी ने विहार शरण भाटिया और रिधान गोएनका की जोड़ी को 15-7 से शिकस्त देकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

### सर्दी के मौसम में अपने बच्चों पर दें खास ध्यान

# सर्दियों का ये मौसम कहीं आपके बच्चे को न कर दे बीमार, डॉक्टर से जानिए कैसे रखें सेहत का ख्याल

सर्दी का समय बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता पर असर डाल सकती है। इस मौसम में उनके बीमार पड़ने का खतरा भी बढ़ जाता है। इस मौसम में सेहत का ख्याल कैसे रखें, आइए जानते हैं। सर्दियों का ये मौसम सेहत के लिए कई प्रकार से चुनौतीपूर्ण माना जाता है। इस दौरान बरती गई जरा सी भी लापरवाही आपको बीमार कर सकती है, यही कारण है कि विशेषज्ञ सभी लोगों को अपने स्वास्थ्य को लेकर विशेष सावधानी बरतते रहने की सलाह देते हैं। प्रतिकूल माहौल में अपने स्वास्थ्य के लिए और भी सतर्कता बरतना जरूरी है क्योंकि इस दौरान कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों की सेहत खराब हो सकती है। सर्दियों का ये मौसम बच्चों के लिए भी काफी समस्याकारक हो सकता है। सर्दी का समय बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता पर असर डाल सकती है। इस मौसम में उनके बीमार पड़ने का खतरा भी बढ़ जाता है, इसलिए सभी माता-पिता सुनिश्चित करें कि बच्चों को ठंड न लगने पाए और इम्युनिटी सिस्टम कमजोर न होने पाए।



### सर्दियों में बच्चों की सेहत हो सकती है खराब

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सर्दी में बच्चों का बार-बार बीमार पड़ना आम समस्या है। बच्चों के शरीर को मौसम के अनुकूल होने में समय लगता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने से उन्हें सर्दी, खांसी, बुखार, फ्लू और अन्य संक्रमण होने की आशंका बढ़ जाती है। इसके अलावा सर्दी के दिनों में वायरस और बैक्टीरिया ज्यादा सक्रिय होते हैं। सर्द हवा से गले और नाक की श्लेष्मा झिल्ली शुष्क हो जाती है, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। ये सभी स्थितियां सेहत के लिए कई प्रकार से नुकसानदायक हो सकती हैं।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रिया जादौन कहती हैं, सर्दियों का समय बच्चों के लिए बेहद संवेदनशील होता है। तेज बुखार, पसली चलना, बच्चे का खाना-पीना छूट जाना जैसे लक्षण दिखें तो फौरन चिकित्सक को दिखाएं। ये खतरनाक हो सकते हैं। इसके अलावा इस मौसम में बच्चों में कई प्रकार के श्वसन संक्रमण होने का खतरा भी बढ़ जाता है। इन जोखिमों को ध्यान रखते हुए सभी माता-पिता सुनिश्चित करें कि बच्चों ठंड से बचे रहें।



### बच्चों के खान-पान रखें पौष्टिक

सर्दियों में होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं के लिए इम्युनिटी में कमजोरी को प्रमुख कारण माना जाता रहा है। इससे बचने के लिए भोजन में विटामिन-सी युक्त फल और सूखे मेवे शामिल करें। अदरक, शहद और तुलसी जैसे प्राकृतिक इम्यूनिटी बूस्टर्स का सेवन कराएं। हल्दी वाला दूध, वेजिटेबल सूप सर्दियों में बहुत फायदेमंद होते हैं।

गुनगुना पानी पिलाएं। इससे गला साफ रहेगा और पाचन तंत्र भी ठीक रहता है। धूप निकलने पर बाहर बैठने को कहें। इससे विटामिन-डी मिलती है और इम्यूनिटी मजबूत होगी।

खान-पान का ध्यान रखने के अलावा बच्चों को थोड़ा-बहुत खेलने के लिए प्रेरित करें, हालांकि इस दौरान उन्हें गर्म कपड़े पहनाएं जिससे सर्दी से बचाव किया जा सके। सर्दी से बचने और इम्यूनिटी बढ़ाने के घरेलू उपाय करें।

## सर्दियों में किस टेंपरेचर पर रखना चाहिए घर का फ्रिज, जानिए जरूर



रेफ्रिजरेटर में सेटिंग के बटन तो आपने भी देखे होंगे। हर मौसम के लिए फ्रिज की सेटिंग चेंज की जाती है। सर्दियों में भी इसका खास ध्यान रखना चाहिए। आइए इस आर्टिकल में फ्रिज के सही टेंपरेचर के बारे में जानें। रेफ्रिजरेटर हर घर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो हमारे खाने-पीने की चीजों को सुरक्षित और ताजा बनाए रखता है। सर्दियों में बाहर का तापमान ठंडा होता है, जिससे फ्रिज के अंदर का टेंपरेचर भी प्रभावित हो सकता है। ऐसे में सही तापमान सेट करना न केवल खाने की गुणवत्ता बनाए रखता है, बल्कि बिजली की बचत भी करता है। आइए जानते हैं कि सर्दियों में फ्रिज का टेंपरेचर क्या होना चाहिए और इससे जुड़े कुछ आसान हैक्स। सर्दियों में फ्रिज का बढ़िया तापमान 1C से 4C (33F से 39F) के बीच होना चाहिए। यह तापमान भोजन को खराब होने से बचाता है और फ्रिज को सही तरीके से काम करने में मदद करता है। वहीं, फ्रीजर का तापमान -18C (0F) पर सेट करना चाहिए ताकि जमे हुए खाद्य पदार्थ खराब न हों।

## वन डे ट्रॉफी में रवि और आशीष के एक-एक विकेट



**रायपुर।** बी सी सी आई द्वारा सीनियर मेंस विजय हजारे वनडे ट्रॉफी 2024 का आयोजन 21 दिसंबर से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का तीसरा मैच गुरुवार को विजयनगरम में विदर्भ सीनियर टीम के विरुद्ध खेला गया। विदर्भ ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ पहले बल्लेबाजी करते हुये 30.3 ओवरों में 10 विकेट खोकर केवल 80 रन ही बना सकी। छत्तीसगढ का कोई भी बल्लेबाज लंबी पारी नहीं खेल सका तथा सभी अपना विकेट खोते गये। छत्तीसगढ की ओर से संजित देसाई ने सर्वाधिक 15 रन बनाये।



## नए साल शादीशुदा जीवन में आएंगी दोगुनी खुशियां, पार्टनर से करें कुछ वादे

शादीशुदा जीवन में विवाद चल रहा हो, पार्टनर से अक्सर लड़ाई झगड़े होते हों या फिर शादीशुदा जीवन में खुशियों को दोगुना करना हो, पार्टनर के साथ कुछ खास वादे नए साल की शुरुआत में ही कर लें। ये वादे आपके रिश्ते में प्यार, भरोसे और सम्मान को मजबूत बनाएं।

नया साल उम्मीदों का साल होता है। हर कोई उम्मीद करता है कि आने वाला साल खुशियां लाएगा और उन्नति के मार्ग खोलेगा। इसके लिए लोग भी नए साल में ज्यादा मेहनत करने, बेहतर स्वास्थ्य, सफल करियर और खुशहाल जीवन के लिए प्रयास करने का संकल्प करते हैं। नए साल की शुरुआत में लोग कुछ संकल्प लेते हैं जो उन्हें अपने लक्ष्य को पाने के लिए प्रेरित करते हैं। हालांकि नया साल सिर्फ संकल्पों का नहीं, बल्कि रिश्तों को और मजबूत करने का समय होता है।

किसी भी व्यक्ति के जीवन में खुशहाली तब ही संभव है जो उनके रिश्तों या पारिवारिक जीवन में प्यार व विश्वास बना रहें। शादीशुदा जीवन में तो प्यार व विश्वास को बनाए रखना अधिक जरूरी होता है, जिसके लिए दोनों पार्टनर को कुछ प्रयास करने होते हैं। शादीशुदा जीवन में विवाद चल रहा हो, पार्टनर से अक्सर लड़ाई झगड़े होते हों या फिर शादीशुदा जीवन में खुशियों को दोगुना करना हो, पार्टनर के साथ कुछ खास वादे नए साल की शुरुआत में ही कर लें। ये वादे आपके रिश्ते में प्यार, भरोसे और सम्मान को मजबूत बनाएं।

### एक-दूसरे को समय देने का वादा



भागदौड़ भरी जिंदगी में अक्सर कपल्स एक-दूसरे के लिए समय निकालना भूल जाते हैं। वह इतना व्यस्त हो जाते हैं कि पार्टनर के साथ पर्याप्त समय नहीं बिताते। जिससे उनके बीच संवाद की कमी होती है और आपका साथी रिश्ते में अकेलापन महसूस करने लगता है। 2025 में रिश्ते को मजबूत और खुशहाल बनाना चाहते हैं तो एक-दूसरे से वादा करें कि चाहे आप कितना भी व्यस्त क्यों न हों, हर दिन कम से कम 30 मिनट एक-दूसरे के साथ बिताएंगे। ये यम सिर्फ आपके पार्टनर का होगा। इस दौरान मोबाइल, टीवी या दफ्तर की टेंशन को दूर रखेंगे। अब चाहे वो सुबह की चाय हो या रात की सैर, साथ में बिताया गया ये समय रिश्ते में ताजगी ला सकता है।

### संवाद और समझ बढ़ाने का वादा

जब रिश्ते में छोटी-छोटी गलतफहमियां बड़ी होने लगती हैं तो कपल के बीच मनमुटाव होने लगते हैं। दो लोगों के बीच गलतफहमी होने का कारण होता है कि संवाद की कमी और भावनाओं को अपने पार्टनर से छुपाना। ऐसे में सामने वाला साथी समझ ही नहीं पाता कि आप क्या चाहते हैं और वह गलतफहमी का शिकार हो जाता है। कई बार पार्टनर की भावनाओं को नजरअंदाज करने से भी गलतफहमी बढ़ जाती है। नए साल में यह वादा करें कि आप एक दूसरे की भावनाओं को खुलकर समझेंगे और अपने दिल की बात बिना किसी झिझक के साझा करेंगे।



























## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'स्क्विड गेम' ने तोड़े कमाई के सभी रिकॉर्ड, पहले पार्ट से आगे निकलेगी



दक्षिण कोरियाई सीरीज 'स्क्विड गेम' ने कमाई के कई रिकॉर्ड तोड़े और नेटफ्लिक्स का नंबर वन शो बन गया। आज दूसरे पार्ट की भी दस्तक हो गई है। क्या यह पहले सीजन की पॉपुलैरिटी और कमाई को पीछे छोड़ पाएगी? दक्षिण कोरियाई सीरीज 'स्क्विड गेम' का पहला पार्ट 17 सितंबर, 2021 को रिलीज हुआ था। जिंदगी और मौत के इस गंदे खेल ने न सिर्फ कोरिया में बल्कि पूरे दुनियाभर में दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। इसी का नतीजा रहा कि शो ने स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर नंबर वन का पायदान हासिल किया। साथ ही अपनी कमाई से ट्रेड एनालिस्ट्स को भी हैरान कर दिया। सीरीज का दूसरा पार्ट रिलीज हो गया है। इसी बीच आइए इसके मूल भाग के रिकॉड्र्स पर गौर फरमा लेते हैं- 'स्क्विड गेम' ने दुनियाभर में 900 मिलियन डॉलर की कमाई की थी। एक अनुमान के अनुसार 132 मिलियन लोगों ने पहले 23 दिनों में कम से कम दो मिनट के लिए शो देखा, जिसने स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म के हिट शो 'ब्रिजर्टन' द्वारा बनाए गए पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया। महज चार हफ्ते में 111 मिलियन दर्शकों की संख्या के विशाल रिकॉर्ड के साथ 'स्क्विड गेम' ओटीटी प्लेटफॉर्म पर सबसे ज्यादा देखा जाने वाला शो बन गया। सीरीज का कुल बजट 21.4 मिलियन डॉलर था। वहीं, 'स्क्विड गेम' के प्रत्येक एपिसोड की मूल लागत लगभग 2.4 मिलियन अमेरिकी डॉलर थी। सीरीज में ली जंग जे, पार्क हे सू, वाई हा जून, जंग हो येओन, ओ येओंग सु, हेओ सुंग टार, किम जू र्योन्ग के साथ अभिनेता गोंग यू की विशेष कैमियो भूमिका है।

### टॉलीवुड


## 'लकी भास्कर' के बाद मीनाक्षी के हाथ लगी एक और फिल्म, श्रीलीला को किया रिप्लेस



नवीन पोलीशेट्टी साउथ के एक प्रतिभाशाली अभिनेता हैं। हालांकि, लंबे समय से वह किसी बड़ी फिल्म में नजर नहीं आए हैं। उनकी आखिरी फिल्म मिस शेट्टी मिस्टर पोलीशेट्टी को रिलीज हुए काफी समय हो चुका है। अब, अभिनेता के फैंस के लिए एक खुशखबरी आई है। नवीन की आगामी फिल्म अनगनगा ओका राजू नाम की फिल्म को फिर से शुरू किया गया है। पहले इस फिल्म को कुछ कारणों से रद्द कर दिया गया था, लेकिन अब यह फिर से बन रही है। इसका टीजर आज रिलीज होने वाला है। फिल्म में शुरुआत में श्रीलीला को मुख्य अभिनेत्री के रूप में कास्ट किया गया था, लेकिन शेड्यूल के टकराव के कारण उन्होंने इस प्रोजेक्ट को छोड़ दिया। इसके बाद फिल्म में उनकी जगह मीनाक्षी चौधरी को कास्ट किया गया है। मीनाक्षी को हाल ही में लकी भास्कर में देखा गया था। फिल्म में उनकी अदाकारी को लोगों ने काफी सराहा था। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई थी। फिल्म में दुलकर सलमान ने मुख्य भूमिका निभाई थी। बड़े पर्दे के बाद इस फिल्म को ओटीटी पर भी खूब पसंद किया गया था। इस फिल्म की सफलता के बाद अब उनके हाथ एक और फिल्म आ गई है। नवीन पोलीशेट्टी के साथ इस फिल्म से उनके करियर को नई उड़ान मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### भोजपुरी

## 'पैरों में गिरकर मांगनी पड़ती थी माफी', पवन से ब्रेकअप के बाद अक्षरा ने किया खुलासा



एक वक्त था जब अक्षरा सिंह और पवन सिंह के प्यार के किस्से सुर्खियों में थे। फिर एक बुरे मोड़ पर आकर दोनों का ब्रेकअप हुआ। इसके बाद अक्षरा ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए थे। भोजपुरी सिनेमा के चर्चित सितारे अक्षरा सिंह और पवन सिंह का अफेयर एक दौर में मीडिया की सुर्खियों में रहता था। दोनों एक-दूसरे के प्यार में इस कदर डूबे थे कि मामला शादी तक पहुंचने वाला था। लेकिन, ऐसा नहीं हो पाया। दोनों की राहें भी बहुत बुरे मोड़ पर जाकर खत्म हुईं। ब्रेकअप के बाद अक्षरा सिंह ने पवन सिंह पर कई गंभीर आरोप लगाए। अक्षरा अपने और पवन सिंह के रिलेशन और ब्रेकअप को लेकर कई बार खुलकर मीडिया में बात कर चुकी हैं। ब्रेकअप के बाद अक्षरा ने अभिनेता पवन सिंह पर खुद को मारने-पीटने और टॉर्चर करने के आरोप लगाए। अभिनेत्री ने कहा था कि पवन सिंह उन्हें कमरा बंद करके बुरी तरह पीटते थे। वे उन्हें इतना प्रताड़ित करते थे कि अभिनेत्री अवसाद में जाने लगी थीं। एक बातचीत में अभिनेत्री से जब पूछा गया था कि क्या पवन उन्हें कभी मारते थ? इस पर अक्षरा ने कहा था, 'बहुत बार। एक बार तो मैं मरते-मरते बची थी। वे मुझे कमरा बंद करके पीटते थे'। अक्षरा सिंह ने कहा था कि आज भी वह दौर याद करते हुए वे कांप उठती हैं। एक्ट्रेस के मुताबिक, उन्हें बिना वजह अभिनेता से माफी मांगनी पड़ती थी, वह भी पैरों में गिरकर, क्योंकि माफी मांगने पर एक्टर का ईगो संतुष्ट होता था। अक्षरा ने कहा था, उनसे कहा जाता, 'कैसे माफी मांगो तो पूरा पैर पर गिरकर माफी मांगो। नॉर्मल नहीं पैर पर गिरकर माफी मांगो। कान पकड़कर सॉरी बोलो कि अब ये गलती नहीं होगी'। अभिनेत्री ने कहा कि जब वे कान पकड़कर माफी मांग लेती थीं तो कहते कहो आज के बाद ऐसा नहीं होगा। और गलतियां होती थीं, 'एयरपोर्ट पर ऐसा क्यों किया? दूसरी सीट पर क्यों बैठी?'

नए साल की तैयारी

लाइफ स्टाइल



न्यूयॉर्क फैशन वीक में राल्फ लॉरेन और टॉमी हिलफिगर जैसे डिजाइनरों की समकालीन शैलियों के साथ पुराने स्कूल की भव्यता का मिश्रण किया गया है। यह सारी नए साल के शो के लिए है। साल-2025 का स्वागत करने स्टेज सज चुके हैं और डिजाइनर अपने कलेक्शन के साथ छा जाने तैयार हैं। बस इंतजार है परदा उठने का।

## सर्दी के मौसम में चेहरा चमकाएगा मक्के का आटा, जानें इसके इस्तेमाल का तरीका



सर्दी के मौसम में त्वचा काफी डल हो जाती है। ऐसे में हर कोई इस मौसम में अपनी त्वचा का खास ध्यान रखता है। इसके लिए लोग महंगे-महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट खरीदते हैं, और बहुत से लोग घरेलू नुस्खे अपनाते हैं। यदि आप भी उन लोगों में से हैं, जिन्हें घरेलू नुस्खों पर भरोसा है तो सर्दी के मौसम में आपको स्किन केयर में मक्के का आटा इस्तेमाल करना आना चाहिए। आप यदि हफ्ते में दो से तीन बार मक्के के आटे का फेसपैक इस्तेमाल करेंगे तो इससे आपका चेहरा खिल उठेगा।

मक्के का आटा एक स्क्रब की तरह काम करता है और डेड स्किन सेल्स को हटाने में मदद करता है। ऐसे में बिना सोचे हफ्ते में दो बार स्क्रब की तरह इसका इस्तेमाल करें। मक्के के आटे का फेसपैक बनाने के लिए सबसे पहले एक कटोरी में मक्के का आटा लें। अब उसमें धीरे-धीरे कच्चा दूध डालें और अच्छे से मिलाएं। इसके बाद शहद और गुलाब जल मिलाकर एक गाढ़ा पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को अपने चेहरे और गर्दन पर लगाएं। पैक लगाने के बाद 15-20 मिनट तक इसे सूखने दें। अब हल्के गुनगुने पानी से स्क्रब करते हुए चेहरा धो लें।

### पैक इस्तेमाल करते समय रखें ध्यान

वैसे तो ये फेसपैक पैक आपकी त्वचा को प्राकृतिक रूप से स्वस्थ और चमकदार बनाएगा। लेकिन इसके इस्तेमाल के समय आपको कुछ बातों का ध्यान रखना है। यदि आपकी त्वचा संवेदनशील है, तो पहले पैच टेस्ट करें। इस फेसपैक को आंखों और होंठों के आसपास न लगाएं। कई बार ये आंखों के अंदर चला जाता है, जो दिक्कत पैदा कर सकता है।

## नए साल की पार्टी में बिखेरना है जलवा तो तैयार होते समय रखें इन बातों का ध्यान



फैशन

नया साल हर किसी के जीवन में ढेर सारी खुशियां लेकर आता है। हर कोई नए साल का स्वागत अपने-अपने तरीके से करता है। बहुत से लोग इस दिन मंदिर, चर्च, गुरुद्वारा जाते हैं, तो वहीं बहुत से लोग अपने नए साल की शुरुआत पार्टी के साथ करते हैं। नए साल के मौके पर जगह-जगह पार्टी का आयोजन होता है। ऐसे में यदि आप भी किसी पार्टी में जा रही हैं तो आपने अपना आउटफिट तो प्लान कर ही लिया होगा। यदि आउटफिट प्लान नहीं किया है तो हम आपकी इसमें मदद करने जा रहे हैं। यहां हम आपको कुछ ऐसी टिप्स देंगे, जिसको फॉलो करके आप अपने लुक को पार्टी के अनुकूल बना सकती हैं। इन टिप्स को फॉलो करके यदि आप तैयार होंगी, तो न सिर्फ आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा, साथ ही में आपका लुक पार्टी में सबसे अलग और खूबसूरत लगेगा।



### ऐसे करें आउटफिट का चयन

जिस न्यू ईयर की पार्टी में आप जा रही हैं, यदि वहां को कोई थीम है तो उसके अनुसार ड्रेस चुनें। हमेशा ऐसी ड्रेस पहनें जिसमें आप सहज महसूस करें। लंबे समय तक असहज कपड़े आपको परेशान कर सकते हैं। सर्दियों की पार्टी के लिए वेलवेट, साटन या स्वेटर स्टाइल टॉप्स अच्छे विकल्प हो सकते हैं। ये आपको सर्दी से भी बचाते हैं।

### पार्टी आउटफिट का रंग हो सही

पार्टी में कभी भी हल्के रंग के कपड़े नहीं पहनने चाहिए। पार्टी के माहौल के अनुसार हमेशा ग्लिटरी या मेटालिक कलर पहनें। खासतौर पर न्यू ईयर पार्टी के लिए गोल्ड, सिल्वर, ब्लैक और रेड शेड्स अधिक उपयुक्त रहते हैं, ये आपको ग्लैमरस दिखाने में मदद करते हैं।

## घर पर आसान विधि से बनाएं बॉडी वॉश, बिना केमिकल के होगा तैयार



कई बार ऐसा होता है कि बाजार में मिलने वाला बॉडी वॉश लोग केमिकल के डर की वजह से नहीं खरीदते हैं, ऐसे में हम आपको घर पर ही बॉडीवॉश बनाने का तरीका बताने जा रहे हैं। भले ही इससे बाजार के जैसा झाग नहीं निकलेगा, लेकिन केमिकल रहित होने की वजह से ये आपकी त्वचा को काफी फायदा पहुंचाएगा। ऐसे में आइए आपको बिना देर किए घर पर ही बॉडी वॉश बनाने का तरीका बताते हैं।

### बॉडी बॉश बनाने का सामान

बॉडी बॉश बनाने के लिए सबसे पहले एक छोटे बर्तन में नारियल तेल डालें। अब इसमें शहद और गुलाब जल डालकर अच्छे से मिला लें। शहद आपकी त्वचा को मुलायम बनाएगा और गुलाब जल से ताजगी मिलेगी। अब इसमें अपना पसंदीदा और आवश्यक लैवेंडर का तेल डालें। इस तेल की खुशबू आपको तरोताजा कर देगी।

अगर आप नीम का पाउडर या चंदन पाउडर इस्तेमाल कर रहे हैं, तो इन्हें डालकर अच्छे से मिला लें। अब आपका प्राकृतिक बॉडी वॉश तैयार है। इसे एक एयरटाइट बोतल में भरकर रख सकते हैं। नहाते समय एक छोटी सी मात्रा लें और गीले शरीर पर लगाकर अच्छे से मसाज करें, फिर पानी से धो लें।

### इस बात का रखें ध्यान

इस प्राकृतिक बॉडी वॉश का इस्तेमाल आपकी त्वचा को नर्म और ताजगी से भरपूर रखेगा। बस इसे बनाकर कमरे के तापमान पर रखें, वरना इसके खराब होने का डर बना रहेगा। इसे बनाकर एक बार पैच टेस्ट कर लें, ताकि आपको किसी तरह की एलर्जी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## लेदर जैकेट असली है या नकली इन तरीकों से पहचान सकते हैं आप

वैसे तो लेदर की जैकेट काफी महंगी आती है, लेकिन कई जगह लोग कम दामों में भी लेदर जैकेट बेच देते हैं। ये जैकेट असली है या नकली, खरीदने से पहले इस बात का पता लगाना बेहद जरूरी होता है। ऐसे में हम आपको यहां असली और नकली लेदर जैकेट की पहचान का तरीका बताने जा रहे हैं, जिनको फॉलो करके आप असली प्रोडक्ट ही खरीदेंगे।

### गंध की पहचान करें

लेदर खरीदते समय इस बात का खास ध्यान रखें कि असली चमड़ा प्राकृतिक रूप से एक खास गंध छोड़ता है, जोकि मिट्टी जैसी होती है, जबकि नकली (सिंथेटिक) चमड़ा आमतौर पर एक रासायनिक गंध छोड़ता है, जो प्लास्टिक या कृत्रिम सामग्रियों से मिलता-जुलता होता है।

### छूकर देखें

ध्यान रखें कि असली चमड़ा मुलायम, लचीला और गर्म महसूस होता है, जबकि नकली चमड़ा आमतौर पर ठंडा, कठोर और चिकना लगता है।



असली लेदर को दबाने पर उसमें रिंकल्स पड़ने लगते हैं, जबकि नकली वाले में कोई फर्क नहीं पड़ता, ये काफी मुलायम होता है।

### सतह करें चेक


असली चमड़े की सतह पर काफी खामियां होती हैं और रेखाएं बनी होती हैं, जबकि नकली चमड़े में एक समतल और म्यूट दिखने वाली सतह होती है।

कार्नर न्यूज

### ठंड के मौसम में मेंस फैशन में बहुत कुछ है ध्यान देने लायक

*दिसंबर के आखिर में सर्द हवाएं चलना शुरू हो गई हैं। आलम तो कुछ ऐसा है कि लोग सुबह और शाम घर से पूरी तरह पैक होकर ही निकल रहे हैं। इस मौसम में जो हवाएं चलती हैं, उनकी वजह से न सिर्फ स्वास्थ्य खराब होता है, बल्कि इसकी वजह से त्वचा की नमी भी खोने लगती है। महिलाएं तो अपनी त्वचा का ध्यान खासतौर पर रख लेती हैं, लेकिन पुरुष अक्सर त्वचा का ध्यान रखने में लापरवाही बरतने लगते हैं। यही वजह है कि कड़ाके की सर्दी में उनकी त्वचा और भी ज्यादा डल लगने लगती है। ऐसे में हर पुरुष को अभी से अपनी त्वचा का खास ध्यान रखना चाहिए। बहुत से पुरुषों तो इस बात का आइडिया ही नहीं होता है कि वो कैसे अपनी त्वचा का ध्यान रखें। इसीलिए यहां हम आपको पुरुषों के लिए टिप्स देने जा रहे हैं, ताकि वो भी अपनी त्वचा का ध्यान रख सकें।*

## सर्दी के मौसम में पुरुषों को भी रखना चाहिए अपनी त्वचा का खास ध्यान, कुछ टिप्स आजमा कर छा जाएं महफिल में



### मॉइस्चराइजर का उपयोग करें

महिलाओं के साथ-साथ पुरुषों की त्वचा भी सर्दी के मौसम में रूखी हो जाती है। ऐसे में दिन में कम से कम दो बार मॉइस्चराइजर लगाएं। ध्यान रखें कि चेहरे और हाथ-पैर के लिए अलग-अलग मॉइस्चराइजर आता है। चेहरे के लिए हल्के और नॉन-ग्रीसी मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करें।

### ज्यादा गर्म पानी से रहें दूर

सर्दी से बचने के लिए लोग अक्सर खूब तेज गर्म पानी से नहा लेते हैं। जबकि ज्यादा गर्म पानी से नहाने से त्वचा की नमी खत्म हो सकती है। इसलिए नहाने के लिए हमेशा गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें। नहाने के तुरंत बाद त्वचा पर मॉइस्चराइजर लगाना न भूलें। महिलाओं की तरह पुरुषों को भी सनस्क्रीन का इस्तेमाल नियमित रूप से करना चाहिए। सर्दियों में भी सूरज की यूवी किरणें त्वचा को नुकसान पहुंचा सकती हैं। इसलिए सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। यदि आप अपना लुक खराब नहीं करना चाहते तो होंठों का खास ध्यान रखें। सर्दियों में होंठ फटने से बचाने के लिए लिप बाम का इस्तेमाल करें। ऐसे लिप बाम चुनें जिनमें शिया बटर या नारियल तेल हो।

### शेविंग के बाद करें ये

पुरुषों को सर्दी के मौसम में शेविंग के बाद त्वचा का खास ध्यान रखना चाहिए। इसके लिए शेविंग के बाद त्वचा को मॉइस्चराइज करना न भूलें। इस मौसम में हमेशा अच्छी क्वालिटी का शेविंग क्रीम और आफ्टरशेव का इस्तेमाल करें।

### स्क्रबिंग करें

सप्ताह में एक बार चेहरे को एक्सफोलिएट करें ताकि मृत त्वचा सेल्स हट सकें और त्वचा चमकदार बनी रहे। इसके लिए हमेशा जेंटल स्क्रब का इस्तेमाल करें ताकि त्वचा पर अधिक खिंचाव न पड़े।

